
सांसद बृजमोहन ने सप्रे स्कूल में नवनिर्मित स्मार्ट कम्प्यूटर रूम का किया उद्घाटन

# दैनिक भास्कर दूत

नज़र हर ख़बर पर

दिल में छत्तीसगढ़

रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित

डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/68/2022-24

web- www. bhaskardoot.com


-: सुविचार :-

'परिश्रम के उपहार से ही मानव का जग में सत्कार होता है।'

◆ वर्ष-11 ◆ अंक - 316 रायपुर एवं राजनांदगांव से एक साथ प्रकाशित ◆ RNI-CHHHIN/2014/55697 ◆ रायपुर, सोमवार 02 दिसंबर 2024 ◆ पृष्ठ-8 ◆ मूल्य - 02 रुपये


## डोनाल्ड ट्रंप ने काश पटेल को एफबीआई डायरेक्टर नॉमिनेट किया




**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति (निर्वाचित) डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के अमेरिकी अधिकारी कश्यप 'काश' पटेल को एफबीआई (फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन) के डायरेक्टर पद के लिए नामांकित किया। काश पटेल को ट्रंप का भरोसेमंद सहयोगी माना जाता है, उन्होंने अमेरिकी सरकार के अंदर मौजूद कथित डीप स्टेट को खत्म करने के लिए खुलकर अपने विचार रखे हैं।

### डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर किया ऐलान

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा- 'काश पटेल एक प्रतिभाशाली वकील, अन्वेषक और 'अमेरिका फर्स्ट' आंदोलन के प्रबल समर्थक हैं। उन्होंने भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने, न्याय की रक्षा करने और अमेरिकी जनता की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया है।' यह नॉमिनेशन मौजूदा एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे के प्रति ट्रंप की नाराजगी को भी दर्शाता है। क्रिस्टोफररे को ट्रंप ने 2017 में नियुक्त किया था, लेकिन हाल के वर्षों में ट्रंप ने एफबीआई के कामकाज, खास तौर से अपने खिलाफ जांच के तरीकों पर खुलकर असंतोष जाहिर किया है।

### छत्तीसगढ़ में रिश्वतखोर अकाउंटेंट के घर एबीसी का छापा

## एक लाख की घूस लेते पकड़ाया था आरोपी, बिलासपुर में भी एसीबी का एक्शन

भास्कर दूत

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में बोड़ला जनपद के निलंबित लेखापाल नरेन्द्र राऊतकर के निवास पर रविवार सुबह एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) की टीम ने दबिश दी है। कवर्धा के आनंद विहार कॉलोनी स्थित घर में एसीबी की टीम छानबीन कर रही है। घर के साथ ही निलंबित लेखापाल के 3 अलग-अलग ठिकानों पर भी एसीबी का छापा पड़ा है। एसीबी के अफसर स्थानीय मीडिया से दूरी बनाए हुए हैं। कार्रवाई पूरी होने के बाद मुख्यालय से जानकारी देने की बात कह रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक एसीबी की टीम रविवार सुबह 5 बजे कवर्धा पहुंची। स्थानीय पुलिस की मदद से रेड की कार्रवाई की गई। निरीक्षक रेंज के एसीबी अधिकारियों ने बोड़ला जनपद के निलंबन लेखापाल नरेन्द्र राऊतकर के आनंद विहार कवर्धा स्थित मकान सहित तीन अलग-अलग जगहों पर एक साथ छापा मारा है। रेड कार्रवाई करने टीआई रेंज के अधिकारियों सहित 5 सदस्यीय टीम रायपुर से कवर्धा पहुंची है, जिसमें स्थानीय पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

#### 7 सदस्यीय टीम दस्तावेज खंगाल रहे

एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जिस समय रेड मारी, उस वक्त परिवार के सभी लोग सो रहे थे। टीम ने सभी को उठाया और घर के अंदर छानबीन शुरू की। दोपहर तक 7 सदस्यीय एसीबी की टीम मकान के अंदर छानबीन करती रही है। अभी तक जांच पड़ताल में क्या कुछ मिला, इसका पता नहीं चल पाया है। एसीबी के अधिकारियों ने स्थानीय मीडिया से दूरी बना रखी है। जांच टीम के अफसर मुख्यालय के अफसरों द्वारा जानकारी दिए जाने की बात कह रहे हैं।



#### लेखापाल रिश्वत लेते हुआ था गिरफ्तार

कबीरधाम जिले के बोड़ला जनपद पंचायत में निलंबित लेखापाल नरेन्द्र राऊतकर के खिलाफ पहले भी रिश्वत लेने की शिकायत मिली थी। उसे 12 सितंबर 2024 को सरपंच पति से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद कलेक्टर ने लेखापाल को निलंबित कर दिया था। वह कुछ दिनों पहले ही जमानत पर रिहा हुआ हैं, लेकिन अब एक बार फिर एसीबी की टीम ने छापामार कार्रवाई की है। शहर में इस कार्रवाई की जमकर चर्चा है।

#### बिलासपुर जिले में भी एसीबी का छापा

*इधर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बिलासपुर में जीआरपी के बर्खास्त चार आरक्षकों के मकानों पर भी छापा मारा है। जीआरपी के चारों कांस्टेबल ट्रेनों के जरिए गांजा और टैबलेट की सप्लाई करते थे। एसीबी की टीम ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में चार आरक्षकों के मकानों में दबिश दी। बिलासपुर रेलवे स्टेशन में पदस्थ जीआरपी के इन चारों आरक्षकों को गांजा तस्करी में नाम सामने आने के बाद बर्खास्त किया जा चुका है। जांच के दौरान इन आरक्षकों के अकाउंट से करोड़ों रुपये का लेन-देन सामने आया था।*

## भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने कांग्रेस नेताओं पर लगाया सनसनीखेज आरोप

### पूर्व आईवायसी अध्यक्ष श्रीनिवास को बताया दरिंदा



**रायपुर।** भाजपा नेत्री राधिका खेड़ा ने कांग्रेस नेताओं पर सनसनीखेज आरोप लगाए है। प्रियंका गांधी से सवाल कर एक्स पर लिखा, यदि आपके कार्यालय के 'दरवाज़े' असल में खुले होते तो जनता छोड़िये,कांग्रेस की महिलायें प्रताड़ित नहीं होती मैं स्वयं से शुरू कर सकती हूँ, पर फ़ैरिस्ट लंबी है-ͮ -अर्चना गौतम से आपके ओएसडी ने छत्तीसगढ़ में बदतमीज़ी की फिर आपने उसे एआईसीसी में पिटवाया -प्रियंका चतुर्वेदी से बदसलूकी करने वालों को टिकट आपने स्वयं यूपी में दी और वो मजबूरन पार्टी छोड़ गई। मेरा तो आपको अच्छे से पता है इसीलिए कभी उसके बाद मुझसे आँख नहीं मिला पाईं -और तो और केरल की ही सिमी रोसबेल के लिए आप मौन रहीं - अंगकिता दत्ता का क्या साथ दिया? नहीं, उस दरिंदे पूर्व आईवायसी अध्यक्ष श्रीनिवास का साथ आपने दिया -दिव्या स्पंदना के कार्यकाल में सोशल मीडिया टीम की लड़की ने कंप्लेंट की तो उसको निकाल दिया और वो चिराग़ लंबे समय तक आपकी नौकरी करता रहा -पूर्व आईवायसी राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव यादव के द्वारा युवा कांग्रेस की महिलाओं का यौन शोषण हुआ, लेकिन आपने उसी केशव को यूपी से टिकट दी।

## ग्रेहाउण्ड और माओवादीयों के बिच मुठभेड़, सात हार्डकोर माओवादी ढेर

भास्कर दूत

**बीजापुर।** जिले की सीमा से लगे तेलंगाना राज्य के मुलगु जिले के एटूनागरम थाना क्षेत्र के जंगलों में तेलंगाना की ग्रेहाउंड फ़ोर्स के साथ माओवादीयों की मुठभेड़ हो गई है, इस मुठभेड़ में जवानों ने सात हार्डकोर माओवादियों को मार गिराने में सफलता हासिल किया है वहीं बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद किये जाने की खबर है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलंगाना के एटूनागरम थाना क्षेत्र के जंगलों में माओवादीयों की उपस्थिति की सुचना पर ग्रेहाउंड फ़ोर्स को गश्त सर्चिंग अभियान पर रवाना किया गया था। इसी अभियान के दौरान रविवार 01 दिसम्बर की सुबह चल्पका के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई इस मुठभेड़ में जवानों ने सात माओवादीयों को मार गिराने के साथ ही बड़ी मात्रा में हथियार भी बरामद करने में सफलता हासिल किया है। मुठभेड़ मे मारे गए माओवादीयों में TSCM (सचिव नरसापेट एरिया) कुरसन मंगू उर्फ़ पापन्ना, DVCM एगोलपु मलैया उर्फ़ मधु (सचिव एटूनागरम, महादेवपुर ), ACM मुसाकी देवा, मुसाकी जमुना, पार्टी मेंबर जयसिंह, किशोर और कमलेश शामिल हैं। इनके पास से 2 नग AK47, G3 रायफल, 303 रायफल, इंसास और SBBL रायफल बरामद किया गया हैं।







## 18 साल से ऊपर की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये मिलेंगे

### अरविंद केजरीवाल का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 18 साल से ऊपर की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपये मिलेंगे। आप (AAP) पार्टी चीफ अरविंद केजरीवाल ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि दिल्ली की हमारी माताओं-बहनों के लिए बहुत बड़ी खुशखबरी है। दिल्ली की महिला के खाते में एक-एक हजार रुपये हर महीने डलवाने वाली योजना हम जल्दी ही पास करने वाले हैं। 18 साल से ऊपर जितनी भी महिलाएं हैं। हर महीने उनके अकाउंट में पैसा आया करेगा. वो योजना जल्द ही शुरू होने वाली है।



दरअसल आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को ग्रेटर कैलाश में पदयात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। इस दौरान अरविंद ने दिल्ली की जनता से अपील करते हुए कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में बीजेपी को वोट मत देना। ऐसा किया तो जिस तरह दिल्ली की कानून व्यवस्था का हाल है, उसी तरह आपके स्कूल, अस्पताल और बिजली का भी बीजेपी वाले कर देंगे। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी को कानून व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी आपने दी थी। वह जिम्मेदारी इन्होंने नहीं निभाई है. इस चुनाव में आपको इन्हें सबक सिखाना है। आप प्रमुख ने ग्रेटर कैलाश में पदयात्रा के दौरान कहा कि पंचशील पार्क को एक तरह से दिल्ली का सबसे पॉश एरिया माना जाता है। वहां बहुत अमीर लोग रहते हैं।

## महुआ पेड़ पर चढ़ा भालू

### 3 घंटे की कड़ी मशक्क त के बाद भी भालू को पेड़ से उतारने में नाकाम रेस्क्यू टीम



**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में एक भालू 30 फीट उंचे महुआ के पेड़ पर चढ़ गया। जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस टीम को दी गई। वहीं सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची टीम भालू को पेड़ से उतरने के लिए कड़ी मशक्कत कर रही है। करीब तीन घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। वहीं स्थानीय लोगों के भीड़ के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी आ रही है। उदयपुर वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत भवन सोनतराई का मामला है।

#### *जंगली हाथियों का उत्पात*

वहीं अंबिकापुर में देर रात बस्ती में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया है। इस दौरान हाथियों ने तीन मवेशियों पर भी हमला कर दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इतना ही नहीं इन हाथियों ने फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है।

### कैबिनेट की बैठक आज

## ओबीसी आरक्षण की मंजूरी से तय होगा निकाय चुनाव, 15 के बाद लग सकती है आचार संहिता

भास्कर दूत

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कैबिनेट की बैठक 2 दिसंबर को बुलाई गई है। बैठक में छत्तीसगढ़ में निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर ओबीसी आरक्षण मामले में अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट पर कैबिनेट विचार करेगी। आयोग द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी आरक्षण को मंजूरी मिलने की संभावना है। ओबीसी आरक्षण को मंजूरी मिलने के बाद राज्य निर्वाचन आयोग 15



दिसंबर के बाद कभी भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर सकता है। उल्लेखनीय है कि, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ा वर्ग आरक्षण के लिए जो राज्य सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसमें त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों में आरक्षण की सीमा बढ़ा दी गई थी। अन्य पिछड़ा वर्ग के पहले आरक्षण की सीमा 25 प्रतिशत थी। इसे बढ़ाकर अधिकतम 50 प्रतिशत कर दिया गया था। कैबिनेट अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सिफारिशों पर विचार करने के बाद निर्णय लेगी। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ऐसे निकायों में जहां पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए कुल आरक्षण 50 प्रतिशत या उससे अधिक है, वहां ओबीसी आरक्षण शून्य होगा। हालांकि जहां एससी एसटी का आरक्षण 50 प्रतिशत से कम है, वहां ओबीसी को आरक्षण का लाभ 50 प्रतिशत तक मिलेगा।

## आक्रामक राजनीति नहीं, रणनीति बनाना पसंद ?

भास्कर दूत

विडंबना है कि छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष पर हमेशा 12वां मंत्री होने का आरोप लगता है। चाहे वो भाजपा के हों या कांग्रेस के। इस बार अनुभवी कांग्रेस नेता डॉ. चरण दास महंत नेता प्रतिपक्ष हैं। शांत व सरल माने जाने वाले चरणदास महंत का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से पांच दशक पुराना पारिवारिक संबंध है। इसके अलावा कई भाजपा नेताओं से अच्छे संबंध हैं। महंत आक्रामक राजनीति को पसंद नहीं करते, बल्कि रणनीति बनाने में माहिर हैं।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के खिलाफ अधिक आक्रामक हैं। लगातार बयान और दौरों से अपनी सक्रियता बनाए हुए है। वहीं चरण दास महंत बहुत जरूरी होने पर मुद्दों को बोलते हैं। कांग्रेस का एक गुट ही महंत की इस राजनीति से सहमत नहीं है। हरियाणा की तर्ज पर भाजपा छत्तीसगढ़ में 12वां मंत्री बनाने विधि विशेषज्ञों से चर्चा कर रही है, लेकिन आपसी बोलचाल में छत्तीसगढ़ में पहले से ही नेता प्रतिपक्ष को मंत्री का दर्जा मिला हुआ है।


**A-1 डोर**

केबिन, स्लांडिंग, पार्टिशन, वुडन डोर, पाइन डोर, फ्लश डोर, मेम्बरन डोर, लमीनेशन डोर, पाइन जाली पल्ले



नोट- हमारे यहाँ सभी प्रकार के दरवाजे एवं एल्युमिनियम विण्डो का वर्क उचित दरों पर किया जाता है।

प्लाई, माईका एवं प्लाई संबंधित हार्डवेयर उपलब्ध हैं

पता - ग्रीन सिटी के सामने नव जीवन हास्पिटल के बाजू में डोंगरगांव रोड, राजनांदगाव (छ.ग.)

मो.नं. 9827991631, 8815102316


## कम से कम 3 बच्चे होने चाहिए

### RSS चीफ मोहन भागवत का जनसंख्या वृद्धि पर बड़ा बयान

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने जनसंख्या वृद्धि पर चिंता जताई है। मोहन भागवत ने नागपुर में आयोजित कथाले कुल सम्मेलन में भारत की जनसंख्या को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यदि जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 से कम हो जाती है तो समाज का पतन निश्चित है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या की गिरावट समाज के लिए चिंताजनक है।



उनका यह बयान समाज में जनसंख्या नीति को लेकर जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। भागवत ने जनसंख्या वृद्धि के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि मनुष्य के जन्म दर को 1 नहीं रखा जा सकता इसलिए कम से कम 2 या 3 बच्चों का जन्म होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनसंख्या वृद्धि दर को सही बनाए रखना देश के भविष्य के लिए जरूरी है।

मोहन भागवत ने इस विषय पर बात करते हुए कहा कि विज्ञान यह मानता है कि यदि जनसंख्या बढ़ोतरी दर 2.1 से नीचे गिरती है तो वह समाज अपने आप समाप्त हो जाता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई भाषाएं और समाज इसी कारण समाप्त हो गए। भागवत के अनुसार साल 2000 के आस-पास भारत की जनसंख्या नीति तय की गई थी जिसमें यह स्पष्ट किया गया था कि देश की जनसंख्या वृद्धि दर 2.1 होनी चाहिए।

#### जनसंख्या वृद्धि दर की गिरावट पर जताई चिंता

बता दें कि इस संबोधन के जरिए संघ प्रमुख ने यह संदेश दिया कि जनसंख्या के संतुलित वृद्धि से समाज की स्थिरता और प्रगति सुनिश्चित होती है.। जनसंख्या बढ़ोतरी दर में गिरावट न केवल आर्थिक बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी नुकसानदेह हो सकती है और यह हमारे देश के भविष्य को प्रभावित कर सकती है।


प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ आपके शहर गरियाबंद में उपलब्ध रहेंगे

**डॉ. रश्मि भाड़गे**

MBBS, DGO, DFP

Obstetrics & Gynecology

(स्त्री प्रसूति रोग विशेषज्ञ)

माहेर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुर्रा, नवापारा



सप्ताह के हर बुधवार एवं शुक्रवार को दिनांक / /

बुधवार - समय : दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक | शुक्रवार - समय : दोपहर 01 बजे से 3 बजे तक

स्त्री रोग संबंधित सभी बिमारियों के ईलाज के लिए - संपर्क करें : -

**आरोग्य मेडिकल एवं क्लीनिक**

सरकारी अस्पताल के पास, रायपुर रोड, गरियाबंद

परामर्श हेतु सम्पर्क करें : 6267908858, 9131551509

# सांसद बृजमोहन ने सप्रे स्कूल में नवनिर्मित स्मार्ट कम्पूयटर रूम का किया उद्घाटन

भास्कर दूत



**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शनिवार को माधव राव सप्रे उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम शा. शाला विद्यालय में नव निर्मित स्मार्ट कम्पूयटर रूम का उद्घाटन किया। 15 कम्प्यूटर और आधुनिक तकनीकी से सुसज्जित इस कक्ष का निर्माण शाला विकास समिति द्वारा लक्ष्मीकांत, कैलाश चंद व बृजमोहन शर्मा की स्मृति में सन एंड सन ग्रुप शर्मा परिवार के सौजन्य से कराया गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज के डिजिटल युग में, कंप्यूटर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (द्ब) का ज्ञान न केवल एक कौशल है, बल्कि यह भविष्य की आवश्यकताओं के लिए एक मजबूत आधार भी है। ऐसे में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उन्हें स्कूल में कंप्यूटर शिक्षा देना जरूरी है। बच्चों के साथ में बड़े भी समय के साथ चले और तकनीकी की रेस में पीछे न रहे। उन्होंने स्कूल प्रबंधन से सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को कम्प्यूटर की प्रयाप्त जानकारी मिल सके इसके लिए क्लास संचालन सुनिश्चित करने को कहा।

इस अवसर पर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को महान साहित्यकार, लेखक और पत्रकार माधवराव सप्रे के जीवन और योगदान से परिचित कराने हेतु उनके जीवन पर आधारित पुस्तक छपवाकर विद्यार्थियों के बीच वितरित करने का सुझाव दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालय को पीएम श्री योजना के तहत लाने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने स्कूल के करीब 40 लाख रुपए से 6 अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कराने की भी घोषणा की जिसके लिए क्षेत्रीय विधायक सुनील सोनी द्वारा विधायक निधि से 10 लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही स्कूल में एक पुस्तकालय का भी निर्माण कराने के निर्देश दिए है।

कार्यक्रम में शामिल विद्यार्थियों ने स्कूल में कॉमर्स और आर्ट्स संकाय शुरू करने की मांग की जिसपर सांसद ने जिला शिक्षा अधिकारी को आगामी सत्र से यहां आर्ट्स और कॉमर्स संकाय शुरू करने के भी निर्देश दिए।

कार्यक्रम को सुनील सोनी और समिति अध्यक्ष हरख मालू ने भी संबोधित किया। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रायपुर दक्षिण के विधायक सुनील सोनी करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि समाज सेवी राजेन्द्र शर्मा के साथ ही शाला विकास समिति माधवराव सप्रे उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के अध्यक्ष हरख मालू सचिव, जिला शिक्षा अधिकारी खंडेलवाल, प्राचार्य डा. अनुपमा श्रीवास्तव, आत्मानंद स्कूल जिला प्रभारी पाटले, महादेव नायक संतोष सोनी, पवन सोनी, प्रवीण देवड़ा के साथ ही विद्यार्थी और गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉक्टर अनुपमा श्रीवास्तव ने आभार एवं नीलम सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# राजधानी में धारदार चाकू दिखाकर दहशत फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने दबोचा

भास्कर दूत



रायपुर। रायपुर में क्राइम का ग्राफ बढ़ गया है। लगातार अपराधिक मामले सामने आ रहे हैं। रायपुर पुलिस अपराधों पर अंकुश लगाने अभियान चला रहे हैं। इसके तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

राजधानी में धारदार चाकू लेकर घूम रहे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को दबोचा है। एसएसपी संतोष सिंह के निर्देशानुसार अपराधो पर अकुंश लगाने अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत थाना मौदहापारा पुलिस ने क्षेत्र के दो गुंडा बदमाशों को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने अनिकेत यादव और रामू राय को अलग-अलग जगहों से धारदार चाकू के साथ हिरासत में लिया गया। दोनों की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से धारदार चाकू मिलने पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

आरोपियों के खिलाफ इससे पहले भी थाना मौदहापारा में आर्म्स एक्ट और अन्य अपराध पंजीबद्ध है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

### एक एकड़ की फसल, दस मिनट ड्रोन का काम और ड्रोन दीदी ने कमा लिया 300 रुपए

# तकनीक से जुड़ी इसलिए बिटिया को भी तकनीक की ओर मोड़ दिया और बिटिया को बना रहीं आईटी इंजीनियर

## तकनीक की उड़ान से ड्रोन दीदी चंद्रकली वर्मा ने खरीफ और रबी सीजन में कमाये दो लाख रुपए

भास्कर दूत



**रायपुर।** जो हाथ कुशलता से चूल्हा-चौंका का काम करते हैं वे तकनीक के क्षेत्र में भी उतनी ही कुशलता का परिचय दे सकते हैं। देश भर की ड्रोन दीदियों ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की इस सोच को साकार कर दिया है। रायपुर जिले की ग्राम नगपुरा की ड्रोन दीदी चंद्रकली की सफलता की उड़ान ड्रोन की तरह है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम के चलते वे भी ड्रोन दीदी बनीं। ड्रोन चलाना सीखा और बहुत थोड़े समय में इसमें कुशल हो गईं। चंद्रकली बताती हैं कि हुनरमंद होने से उनके काम का मूल्य भी कई गुना बढ़ गया। वे केवल 10 मिनटों में एक एकड़ खेत में कीटनाशक का छिड़काव कर देती हैं और इससे 300 रुपए कमा लेती हैं। गांव में खेतों में छिड़काव के बाद उनके ड्रोन चालन की कुशलता की जानकारी पड़ोसी गांवों में भी फैल गई। खूब काम मिला और पूरी लगन के साथ चंद्रकली ने लगभग 700 एकड़ खेतों में कीटनाशकों का छिड़काव कर दिया।

सबसे बड़ी खूबी यह है कि तकनीक ने उन्हें समय की बाधा से पूरी तरह से मुक्त कर दिया। वे बच्चों को तैयार करती हैं। घर में चूल्हा-चौका कर लेती हैं फिर खेतों के लिए निकल पड़ती हैं। उनके हाथ में ड्रोन का रिमोट होता है। जैसे ही चंद्रकली ने ड्रोन कंट्रोल रिमोट ऑन करती हैं, धीरे-धीरे ड्रोन गति लेते हुए आसमान की ओर उड़ता है और खेत का चक्कर काटने लगता है। अब चंद्रकली अब अपने गांव सहित आसपास के क्षेत्र में ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती है।

रायपुर जिले की आरंग विकासखंड की निवासी श्रीमती वर्मा कुछ महीनों पहले महिला समूह से जुडकर बहुत ही कम आमदनी प्राप्त कर रही थीं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नवंबर 2023 को नमो ड्रोन दीदी योजना की शुरूआत की थी। जिसका उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को तकनीकी रूप से सशक्त रूप के साथ साथ आत्मनिर्भर बनाते हुए आधुनिकता से जोड़ना है। इसी योजना के तहत छत्तीसगढ़ की महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को चयन किया गया जिसमें रायपुर जिले की चन्द्रकली वर्मा भी शामिल थी। श्रीमती चन्द्रकली बताती हैं कि उनके समूह में अच्छे कार्य को देखते हुए इस योजना के लिए चयनित किया गया और ऑनलाइन इन्टरव्यू हुआ। जिसके लिए उन्हें ग्वालियर में 15 दिन की ट्रेनिंग दी गई और दिसंबर 2023 में इन्हें ड्रोन निःशुल्क दिया गया, साथ ही परिवहन के लिए ड्रोन वाहन दिया गया। वे बताती हैं कि मुझे अन्य दीदियों के साथ उत्तर प्रदेश के फूलपुर में आमंत्रित किया गया, जहां प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें नमो ड्रोन दीदी की उपाधि दी। इसके बाद श्रीमती चन्द्रकला के आने बाद किसानों को इसकी बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जो वे मैनुवल तरीके से कीटनाशक का छिड़काव करते हैं वह अब ड्रोन से मिनटों में ही हो जाता है। धीरे-धीरे उन्हें काम मिलने लगा। चंद्रकला को दो लाख रूपये से अधिक की आय कर चुकी है जिससे वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहीं है उनकी बेटी आईटी में इंजीनियरिंग कर रही हैं। तकनीक का महत्व जब चंद्रकला ने समझा तो अपनी बिटिया को भी तकनीक की ओर मोड़ दिया, यह चमत्कार नमो ड्रोन दीदी योजना का है। श्रीमती चन्द्रकला कहती हैं कि मुझे गर्व है कि मै ड्रोन दीदी हूं। मै आज नई तकनीक का उपयोग कर रही हूं। अपने गांव के खेती किसानी में मदद कर रही हूं। जिससे उत्पादन में वृद्धि होगी और लागत भी कम आएगी। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देती हूं और अन्य महिलाओं से आग्रह करती हूं कि इस तकनीक से जुड़ें और छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाएं।

## सार समाचार

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की हुई मौत, इकलौता बेटा था घर का



**रायपुर।** राजधानी से हादसे की खबर सामने आ रही है, यहां नवापारा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है। सुचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, वहीं अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतक की शिनाख्त लालजी कुमार पटेल पिता कुमार पटेल ग्राम भेंडरी निवासी के रूप में हुई है। मृतक घर का इकलौता बेटा था, हादसे में बेटे की मौत के बाद से परिजन सदमे में है। वहीँ पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### रायपुर में हाईवा रोककर ड्राइवर से लूटपाट, चार आरोपी गिरफ्तार




**रायपुर।** अभनपुर. रायपुर जिले में लगातार अपराध बढ़ता जा रहा है. अभनपुर के सारखी रोड स्थित श्री कृष्णा अस्पताल के पास लूटपाट की घटना सामने आई है. 4 आरोपियों ने रेत लेकर जा रहे हाईवा को रोककर उसके ड्राइवर के साथ मारपीट की. फिर ट्रक के केबिन में चढ़कर वहां रखे 13 हजार रुपए नगदी और दो मोबाइल लूटकर फरार हो गए. प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. बता दें कि सारखी के पास ही खोरपा में शुक्रवार को एक युवक का शव मिला था. लूटपाट के मामले में पुलिस ने आरोपी राजा पिता स्वर्गीय सुरेश निर्मलकर, अजीत कुमार उर्फ पतालू पिता दूजराम सिन्हा, लिकेश पिता स्वर्गीय परसराम यादव और वेदप्रकाश पिता जेठू राम साहू को गिरफ्तार किया है. सभी अभनपुर के वार्ड क्रमांक 3 के रहने वाले हैं. आरोपियों के पास से लूटी गई नगदी रकम 13 हजार रुपए और दोनों मोबाइल बरामद कर सभी को न्यायालय में पेश किया गया.

# राज्यपाल डेका को जूनियर रेडकॉस जम्बूरी का एलबम भेंट किया

भास्कर दूत



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से आज रविवार को यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एम. के. राउत एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुलाकात कर उन्हें विगत माह दुर्ग में आयोजित जूनियर रेडक्रॉस जम्बूरी का एलबम भेंट किया। आज एड्स दिवस के अवसर पर राज्यपाल को रेडक्रॉस की टीम द्वारा बैज लगाकर सम्मानित भी किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी शाखा दुर्ग की अध्यक्ष एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्यपाल को जम्बूरी में आयोजित विविध गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी। राज्यपाल श्री डेका ने छत्तीसगढ़ में सिकल सेल एनिमिया और ब्रेस्ट कैंसर बीमारी की पहचान और उसके उपचार के लिए किये जा रहे कार्यो के संबंध में जानकारी ली। इन बीमारियों के संबंध में जनजागरूकता लाने के लिए रेडक्रॉस को अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी एक जिले का चिन्हाकन कर वहां सिकल सेल एनिमिया से ग्रस्त रोगियों का सर्वे किया जाये। इसी तरह ब्रेस्ट कैंसर के रोगियों की पहचान के लिए किसी एक जिले का चिन्हाकन कर वहां सर्वे किया जाये, जिससे समय पर लोगों को चिकित्सा सुविधा मिले और उनके स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

# सीजी पीएससी की परीक्षा में जिला प्रशासन द्वारा संचालित लाइब्रेरी से 34 युवा चयनित

### नालंदा लाइब्रेरी से 21, तक्षशिला 4 और सेंट्रल लाइब्रेरी से 9 युवाओं को मिली सफलता

भास्कर दूत



**रायपुर** । छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग 2023 के परीक्षा में रायपुर जिला प्रशासन की लाइब्रेरी से पढ़ाई करने वाले युवाओं ने बड़ी सफलता हासिल की है। यहां से पढ़ने वाले 34 युवाओं का चयन हुआ है। यहां से युवा नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ, सहकारी निरीक्षक एवं बाल विकास परियोजना समेत अन्य पदों पर चयनित हुए है। चयनित युवाओं ने जिला प्रशासन भी धन्यवाद जताया है। नालंदा परिसर स्थित लाइब्रेरी से श्री पुनीत राम वर्मा, खाद अधिकारी, सहायक संचालक, श्री सागर वर्मा नायब तहसीलदार, श्री कुलदीप पटेल नायब तहसीलदार, श्री अतुल भोई, नायब तहसीलदार, श्री विमल खांडेकर नायब तहसीलदार, प्रीती भगत, नायब तहसीलदार, श्री पुष्कर पटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, लोकेश्वरी साहू, जेल अधीक्षक, श्री अमन दुबे, जिला सेनानी, श्री अजय कुमार मारकंडे, जिला सेनानी, सुमन श्यामनानी, छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी, श्री भानुप्रताप साहू, छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा लेखा अधिकारी, श्री आलोक सिंह मरकाम, छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा लेखा अधिकारी, श्री पीयूष कुमार कंवर, छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी, श्री विनोद कुमार बांधे, राज्य कर निरीक्षक, श्री रूपेंद्र सोनवर्षा, सहकारी निरीक्षक, श्री संजय नायक सहकारी निरीक्षक, लोकश्री श्रीवास, सहकारी निरीक्षक, नागेश साहू, सहकारी निरीक्षक, सौरभ जाम्बुलकर, सहकारी निरीक्षक, श्री अभय दुबे सहकारी निरीक्षक (सहकारी निरीक्षक अनुपूरक सूची) में चयन किया गया है। साथ ही, मोतीबाग स्थित तक्षशिला लाइब्रेरी से श्री कुलदीप पटेल, नायब तहसीलदार, श्री ओमप्रकाश साहू, राज्य कर निरीक्षक, श्री मुकेश यदु, छत्तीसगढ़ अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी वित्त विभाग, श्री चंद्रकांत नेताम, सहकारी निरीक्षक के लिए चयन किया गया है।

# एसएसपी की क्राइम मीटिंग : बोले - चाकूबाज, गुंडे और बदमाशों की सूची टेबल पर रखकर नियमित करें कार्रवाई

भास्कर दूत



**रायपुर।** शहर में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने तथा क्राइम की समीक्षा करने शनिवार को एसएसपी संतोष सिंह ने राजपत्रित पुलिस अफसर, टीआई के साथ विवेचकों की महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में एसएसपी ने क्राइम के साथ सभी थानों के टीआई के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में एसएसपी ने क्राइम के साथ अन्य पहलुओं पर पुलिस अफसरों तथा टीआई के साथ चर्चा की।

गौरतलब है कि, चालू वर्ष में जनवरी से लेकर अब तक आईपीसी तथा बीएनएस की धाराओं के तहत आठ हजार अपराध जिले के थानों में दर्ज किए गए हैं। दर्ज अपराध में 25 प्रतिशत मामलों की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई है। इनमें ज्यादतर मारपीट तथा चोरी से जुड़े मामले हैं। साथ ही हाल के दिनों में राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक महिला की हत्या का मामला शामिल है।

### साइबर अपराध की तत्काल एफआईआर दर्ज करें

साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए एसएसपी ने साइबर ठगी के मामले सामने आने पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ठगी होने पर जालसाज के अकाउंट में ट्रांसफर रकम को तत्काल होल्ड कराने की प्रक्रिया करने एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि, जिले के थानों में निचले स्तर के पुलिसकर्मी वर्षों से जमें हुए हैं, ऐसे चार सौ के करीब पुलिसकर्मियों को चिन्हांकित कर एसएसपी के निर्देश पर ट्रांसफर लिस्ट तैयार की गई है। एसएसपी के अनुसार आगामी स्थानीय चुनाव को देखते हुए पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण एक साथ करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से किया जाएगी।

### पेंडिंग मामलों का रेसियो 10 प्रतिशत लाने निर्देश

पेंडिंग मामलों को लेकर कई बार पुलिस अफसरों को कोर्ट में जबाव देना मुश्किल हो जाता है। इससे पुलिस की किरकिरी होती है। पेंडिंग मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने एसएसपी ने सभी थानों के टीआई को निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने पेंडिंग मामलों की जांच कर औसत 25 से 10 प्रतिशत पर लाने के निर्देश दिए हैं।

### गुंडे, बदमाशों की नियमित क्लास लगाने निर्देश

बैठक में एसएसपी ने सभी थानों के टीआई को अपने क्षेत्र के चाकूबाज, गुंडे-बदमाशों की सूची टेबल पर अपने सामने रखकर नियमित क्लास लेने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी ने सभी थानों के टीआई को अपने क्षेत्र के बदमाशों को नियमित बुलाकर पूछताछ करने के साथ उनकी गतिविधियों के बारे में जानकारी हासिल कर उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

गौरतलब है कि, साइबर ठगी के मामलों में पुलिस की शिकायत रहती है कि ठगी की जांच में बैंक प्रबंधन से उन्हें पर्याप्त सहयोग नहीं मिलता। इसके कारण जालसाज अपने अकाउंट में ट्रांसफर ठगी की रकम को आहरण करने में कामयाब होते हैं। जिन लोगों के अकाउंट में रकम ट्रांसफर किया जाता है, उनकी बैंक प्रबंधन द्वारा जानकारी देने में देर की जाती है। इसके कारण मामले की पड़ताल में देर होती है। एसएसपी के मुताबिक इन्हीं बातों को लेकर निजी के साथ सरकारी बैंक के मैनेजर तथा अफसरों के साथ शुक्रवार को बैठक आयोजित कर सभी बैंक प्रबंधन को पुलिस को मांगी गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के लिए कहा है।

# कोर्ट ने SGST के दो अधिकारियों को 14 दिन की रिमांड पर भेजा जेल

### सीबीआई ने रिश्वत लेते किया था गिरफ्तार

भास्कर दूत



रायपुर। छत्तीसगढ़ में विशेष कोर्ट ने SGST के 2 अधिकारीयों को 14 दिन की जुडिशियल रिमांड में जेल भेज दिया है. रायपुर में पदस्थ सुपरिंटेंडेंट इलोंका मिंज और इंस्पेक्टर सौम्य रंजन मलिक को CBI ने रिश्वत मांगने के मामले मेंगिरफ्तार किया था.

इसके बाद सीबीआई ने आज दोनों आरोपियों को विशेष न्यायालय में पेश किया, जिसमें कोर्ट ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है.

बता दें, छत्तीसगढ़ में ष्टत्रस्ञ्ज के कर्मचारियों की गिरफ्तारी पहली बार हुई है. रायपुर में पदस्थ सुपरिंटेंडेंट इलोंका मिंज और इंस्पेक्टर सौम्य रंजन मलिक जीएसटी की राशि में गड़बड़ी की सेटलमेंट करने और पेनल्टी से बचाने के नाम पर घूस मांग रहे थे. दोनों आरोपियों ने दवा कारोबारी राहुल वर्मा को 3 लाख रुपए की पेनल्टी का डर दिखाया. इसके सेटलमेंट के लिए उसने पहले 75 हजार रुपए मांगे थे. इसे लेकर प्रार्थी मेडिकल व्यापारी राहुल वर्मा ने सीबीआई में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिश्वतखोरी की शिकायत की थी. जिसके बाद सीबीआई ने शुक्रवार को 20 लोगों की 3 टीम बनाकर दोनों अफसरों को दवा कारोबारी से 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था. अब सीबीआई दोनों आरोपियों से 14 दिनों तक जेल में पूछताछ करेगी.

## प्रदेश अध्यक्ष सांसद विजय बघेल थे मुख्य अतिथि

# हमारे पुरखों ने की थी अखंड भारत की कल्पना- विजय बघेल

भास्कर दूत

बालोद। छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज जिला बालोद के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कूर्मि भवन बालोद में रविवार को हुआ। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि थे।






उन्होंने कहा कि हमारे पुरखा ने हम सबको एक रहने का संदेश दिया है। हमारे समाज के महापुरुषों ने अखंड भारत की कल्पना की थी। आज हम उसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। बालोद जिला में जो कार्य हो रहा है यह बधाई का विषय है। यह पहला जिला है जहां गांव गांव के लोगों को जोड़ने का काम हुआ है।

2008 में विशाल रैली के साथ शुरू हुआ यह सामाजिक एकता आज तेज गति से आगे बढ़ रहा है।बालोद का कुर्मी संझा जो ऐतिहासिक था उसे लोग आज भी याद करते हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कूर्मि क्षत्रिय समाज योगेश्वर देशमुख, पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन उपस्थित थे। आयोजन में जिले के सभी छह तहसीलों के लगभग 200 पदाधिकारियों ने शपथ ली। स्वागत भाषण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख ने देते हुए बताया कि जिले की नई कार्यकारिणी के सभी साथी ऊर्जावान हैं।समाज को आगे ले जाने कटिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि जिले के 231 गांवों में कूर्मि समाज के लोग निवास करते हैं।संबोधन की कड़ी में संजय चंद्राकर ने कहा कि समाज के विकास के लिए नई कार्यकारिणी बेहतर कार्य करे इसके लिए शपथ लेने वालों को बधाई। योगेश्वर देशमुख ने कहा कि समाज विकास के लिए हम सभी को भाईचारा के साथ आगे बढ़ना होगा।

प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि समाज को एक रखने का प्रयास हमारे पूर्वजों ने बेहतर ढंग से किया था। आज उनके पद चिन्हों में चलने का अवसर है। सांसद विजय बघेल इस क्षेत्र में लगातार कर रहे हैं। हमें राजनीति के क्षेत्र में मजबूत होना होगा।

संचालन महामंत्री चेमन देशमुख व कोमल देशमुख ने किया।



### इन्होंने ली शपथ

छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज के जिला बालोद अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, संरक्षक गण बृजेश चंद्राकर, छगन देशमुख एवं संजय चंद्राकर, वरिष्ट उपाध्यक्ष तेज राम देशमुख, आर के वर्मा, राजेश चंद्राकर, कृष्ण कुमार वर्मा, महासचिव चेमन देशमुख, तेजराम देशमुख वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कृष्ण कुमार वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आरके वर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष टिकेंद्र हरदेल, उपाध्यक्ष, टीकम पिपरिया, पुष्पेंद्र चंद्राकर, ललित चंद्राकर, ठाकुर राम चंद्राकर, के के राजू चंद्राकर, पूर्णानंद बेलचंदन, रोशन अमृत, कुलेश्वर अमृत, मनीष देशमुख, गोविंद चंद्राकर,

जगदीश देशमुख, कोषाध्यक्ष, ढालेश दिल्लीवार, सह कोषाध्यक्ष राजीव देशमुख, सचिव दामेश्वर देशमुख, सहसचिव सुनिल बेलचंदन, मंत्री मीनेष देशमुख, उगेश देशमुख, पन्ना चंद्राकर, खिलावन वर्मा, ढाकेश चंद्राकर, जिधु देशमुख, रविकांत देशमुख, श्रीकांत वर्मा, विनोद चंद्राकर, मनोज सुकतेल, दानसिंह चंद्राकर, दिलीप देशमुख, मनोज चंद्राकर,सोशल मीडिया प्रभारी शेखर वर्मा, मीडिया प्रभारी हरिवंश देशमुख, तिलक देशमुख, अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष ओम देशमुख, सचिव लेमन देशमुख, गुण्डरदेही अध्यक्ष तामेश्वर देशमुख, डौंडीलोहारा अध्यक्ष सुरेश देशमुख, देवरी अध्यक्ष गिरीश चंद्राकर, बालोद अध्यक्ष संतोष देशमुख, डौंडी अध्यक्ष कोमलेंद्र चंद्राकर ने शपथ ली।

### अतिथियों का भव्य स्वागत

कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा कूर्मि भवन के सामने स्थापित शिवाजी की मूर्ति पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना करने के बाद आतिशबाजी व पुष्पों की वर्षा कर कार्यक्रम तक स्वागत किया गया।

### समाज की बालिकाओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति

*इस अवसर पर समाज की बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। सामूहिक नृत्य ने सभी लोगों का मन मोह लिया। तेजेश्वनी देशमुख, भूमिका देशमुख, यामिनी देशमुख, युक्ति देशमुख, शिवानी देशमुख, पलक देशमुख एवं चमन देशमुख ने रंगारंग प्रस्तुति दी।*

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर प्रीति देशमुख (केंद्रीय महिला अध्यक्ष दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज)षडेंद्र देशमुख, वाई के देशमुख, रमेश हरदेल, भूपेंद्र दिल्लीवार, योगेंद्र देशमुख, आशीष दिल्लीवार, गामन सुकतेल, देवेंद्र हरमुख, चिंतामणि देशमुख, भुधर देशमुख, तारेंद्र कुमार देशमुख, गंगेश देशमुख, नीरदवरण देशमुख, डी एस देशमुख, तेजराम देशमुख, राधा देशमुख, , मनोज सुकतेल, ललित हरदेल, कोमल देशमुख, छत्रपाल देशमुख, मोहित देशमुख, हलधर देशमुख, पूर्णिमा देशमुख, भीमा देशमुख, गोमती देशमुख, अमीन देशमुख, त्रिवेणी देशमुख, यशोदा देशमुख, पूर्णिमा देशमुख, तमेश्वर देशमुख, रमेश हरदेल आदि मौजूद रहे।*

## संक्षिप्त खबरें

### जगन्नाथपुर पंचायत में हुआ मितानिनों का सम्मान



**बालोद।** बालोद ब्लाक के ग्राम जगन्नाथपुर के पंचायत में शनिवार को मितानिन सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सरपंच अरुण साहू ने गांव की समस्त मितानिनों को मोमेंटो , प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की। इस दौरान सरपंच अरुण साहू, सचिव खिलेश सोनबोईर, नारायण देशमुख, दानी देशमुख, ओम लाल, ईश्वरी साहू, कांति साहू,मालती साहू, प्रेमा देशमुख रेखा साहू आदि मौजूद रहे।

### अर्जुंदा कॉलेज ने किया एक रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम



**बालोद।** दुर्ग सेक्टर स्तरीय महिला एवं पुरुष की एथेलेटिक्स प्रतियोगिता 27 से 28 नवंबर 24 तक शास. वीवाईटी पीजी स्वशासी महाविद्यालय के तत्वावधान में शास. दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई के खेल मैदान में सम्पन्न हुई। अतिथि सहायक क्रीड़ा अधिकारी श्रीमति मोनिका वर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय से कुल नौ पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें भूपेश कुमार, कुलदीप, अनिल सागर, तुषार, दिव्यांशु, कमल, गौरव शामिल हैं। तुषार साहू में 1500मीटर रेस में रजत पदक (द्वितीय स्थान)पदक प्राप्त किया तथा भूपेश कुमार ने 400 मीटर एवं 5 किलोमीटर दोनों वर्गों में कांस्य पदक (तृतीय स्थान )प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ सोमाली गुप्ता ने खिलाड़ी को शुभकामनाएं व बधाई दी। महाविद्यालय के अतिथि सहायक कीड़ा अधिकारी मोनिका वर्मा एवं क्रीड़ा विभाग के प्रभारी डॉ. समीर दसपुत्रे एवं समस्त प्राध्यापकों कमर्चारियों ने खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन ने कराया बूथों में चुनाव



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी गुंडरदेही मंडल के अंतर्गत ग्राम कलंगपुर, भटगांव, खूटेरी(भट), चाराचार, चारभाटा में बूथ अध्यक्ष, बूथ मंत्री और सदस्य का चुनाव, चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन एवं सहायक चुनाव अधिकारी भीखा राम साहू के द्वारा संपन्न हुआ। जिसमें ग्राम कलंगपुर में बूथ क्रमांक 240एवं 241 के अध्यक्ष और सचिव का चुनाव, अधिकारी बूथ क्रमांक 240 से केश राम साहू को बूथ अध्यक्ष एवं डीलेश्वर साहू को सचिव साथ ही बूथ क्रमांक 241 से विजय सिंहा को बूथ अध्यक्ष एवं दिलेश्वर साहू को सचिव एवं 12 पदाधिकारी निर्वाचित किये गए। इसी तरह ग्राम भटगांव में प्रताप खुटेल बूथ अध्यक्ष एवं लोमेश कुमार बूथ मंत्री ,16 सदस्य निर्वाचित हुए । ग्राम चाराचार मे भेष कुमार साहू बूथ अध्यक्ष, माखन साहू बूथ मंत्री और 16 सदस्य निर्वाचित हुए।ग्राम खूटेरी में बूथ अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव को बूथ मंत्री धर्म सिंह साहू को ओर 16 सदस्य निर्वाचित हुए। इसी तरह ग्राम चारभाटा में देवधर साहू बूथ अध्यक्ष,राम सहायक साहू बूथ मंत्री और 16 सदस्य निर्वाचित हुए।चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन जी ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष,मंत्री और सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बहुत-बहुत बधाइयां दी है।

# शासकीय महाविद्यालय, गुण्डरदेही में चलाया गया एड्स जागरूकता अभियान




भास्कर दूत

**गुण्डरदेही।** युवाओं में एड्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला - बालोद (छ.ग.) में संचालित रेड रिबन क्लब एवं यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से एड्स जागरूकता अभियान चलाया गया। एड्स जागरूकता के लिए छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर एड्स से बचाव का संदेश दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम.कॉम. तृतीय सेमेस्टर की छात्रा तामेश्वरी एवं द्वितीय स्थान एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कंचन को मिला वहीं नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा साधना एवं द्वितीय स्थान बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका को मिला। छात्र-छात्राओं ने पोस्टर बनाकर एड्स के बारे में जागरूक किया।

इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम.ए. भूगोल के छात्र दानियल कुमार एवं द्वितीय स्थान बी.एस-सी. द्वितीय वर्ष की छात्रा गरिमा को मिला। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 1 दिसंबर को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर से बघमरा गांव होते हुए अर्जुन्दा रोड तक रैली निकालकर एड्स के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया साथ ही साथ छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़-नाटक के माध्यम से युवा पीढ़ी को एड्स के प्रति जागरूकता ही एड्स से बचाव का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चंदना बोस ने बताया कि विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एड्स के बारे में जागरूक किया गया वहीं छात्र-छात्राओं के माध्यम से समाज को एड्स के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं के आयोजन में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों एवं अतिथि प्राध्यापकों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की खो-खो पुरूष टीम पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता के लिए रवाना



भास्कर दूत

**बालोद।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की पूर्वी क्षेत्र अंतर वि.वि. खो-खो पुरूष टीम दिनांक 03-06 दिसंबर को फकीर मोहन विश्वविद्यालय, बालासोर ओडिसा में आयोजित प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। खेल संचालक डॉ. दिनेश कुमार नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम के खिलाड़ियों का 05 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर, क्रीड़ा अधिकारी मनीष टोप्पो टीम कोच शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के द्वारा शासकीय विश्वनाथ तामस्कर महाविद्यालय, दुर्ग में आयोजित कराया गया। टीम के खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर एवं कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने अच्छे प्रदर्शन की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। सभी खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय द्वारा कीट प्रदान किया गया। इस अवसर पर खेल संचालक डॉ. दिनेश नामदेव एवं उपकुसचिव डॉ. राजमनी पटेल उपस्थित रहे। इस टीम के मैनेजर हेमंत बघेल व्यायाम शिक्षक शासकीय आत्मानंद स्कूल पाटन है।

### टीम में शामिल खिलाड़ीः-

दुर्गेश कुमार साहू सेठ आरसीएस महाविद्यालय दुर्ग, विकास कुमार शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, राजदीप साहू मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, हर्ष सिंह राजपूत सेठ आरसीएस महाविद्यालय दुर्ग, रितेश कुमार शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, लक्ष्यदीप बंजारे शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, चमन कुमार शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, अंकुश सिंह शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, सेजल कुमार शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, राहुल कुमार साहू शासकीय पीजी महाविद्यालय दुर्ग, थमलेश्वर शासकीय महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी, विमल टंडन शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई। यह जानकारी डॉ. डी.के. नामदेव, संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने दी।

# कोरिया पुलिस ने 44 प्रकरणों में जप्त मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं का किया नष्टीकरण

**कोरिया जिले के मादक पदार्थ कुल 98 किलो गांजा समेत हजारों नग नशीली दवाओं और गांजे को किया गया नष्ट**

भास्कर दूत

कोरिया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर पूर्णतया रोक लगाए जाने एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार सरगुजा रेंज के समस्त जिलों में जप्त गांजा सहित नशीली दवाओं इंजेक्शन इंदिरा पावर को जैन प्राईवेट लिमिटेड गिरवरगंज-नयनपुर जिला सूरजपुर में रेंज स्तरीय कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में नष्टीकरण किया गया है।



जप्त अवैध मादक पदार्थों/ नशीली दवाओं का नष्टीकरण हेतु पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अंकित गर्ग (IPS) की अध्यक्षता और कोरिया SP और सरगुजा SP की सदस्यता में एक कमेटी बनी I कमेटी के सदस्यों की उपस्थित में पावर प्लांट के बायलर में गांजा-डोडा चुरा डालकर नष्टीकरण करते हुए बिजली का उत्पादन किया गया। सरगुजा रेंज में अब तक यह चौथी बार है जब गांजा नष्टीकरण कर बिजली का उत्पादन किया गया है। नष्टीकरण के पूर्व जप्त गांजा-चरस का माप तौल कमेटी के सदस्यों के उपस्थिति में कराते हुए उसका रिकार्ड संधारण कार्यवाही भी पूर्ण की गई है।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा के साथ पुलिस अधीक्षक सरगुजा योगेश पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर की उपस्थिति मे उक्त कार्यवाही संपन्न हुई। उक्त कमेटी द्वारा रेंज के 8.02 करोड़ रुपये मूल्य के अवैध मादक पदार्थों का नष्टीकरण किया गया ह्व उक्त नष्टिकरण में जिला कोरिया के वर्ष 2018 से 2024 के बीच एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत दर्ज 44 प्रकरणों में जप्त मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं का नष्टीकरण किया गया -इस प्रक्रिया में कोरिया के कुल 98.685 किलोग्राम गांजा, 134 नग गांजा पौधे, 874 इंजेक्शन, 1068 कप सिरप तथा 5308 कैप्सूल और टैबलेट को नष्ट किया गया है।

इस कार्यवाही के तहत जिला कोरिया का थानावार विवरण इस प्रकार है- थाना पटना में 26 प्रकरणों से 87.900 किलोग्राम गांजा, 306 इंजेक्शन, 612 कैप्सूल/टैबलेट और 940 कप सिरप, थाना बैकुंठपुर में 4 प्रकरणों से 1.500 किलोग्राम गांजा, 414 इंजेक्शन, 4116 कैप्सूल/टैबलेट और 95 कप सिरप, थाना चरचा के 11 प्रकरणों से 8.685 किलोग्राम गांजा, 154 इंजेक्शन, 580 कैप्सूल/टैबलेट, 33 कप सिरप और 48 नीडल्स को नष्ट किया गया है। इसी प्रकार, थाना सोनहत के 3 प्रकरणों में 600 ग्राम गांजा और 134 नग गांजा पौधों को भी नष्ट किया गया है।

नष्टीकरण प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संपन्न की गई। इस दौरान संबंधित थानों के मालखाना मुन्शी, जिला प्रशासन के अधिकारीगण, पर्यावरण अधिकारी और कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में मादक पदार्थों को वैज्ञानिक विधि से नष्ट किया गया है। इस कार्यवाही मे उप निरीक्षक श्री एस0आर0 बुनकर, डीसीबी प्रभारी, प्र0आर0 प्रबल राम पैकरा थाना बैकुंठपुर, प्र0आर0 राजेन्द्र टेकाम थाना पटना, प्र0आर0 शिव कुमार सिंह थाना चरचा एवं प्र0आर0 कुशल कुजूर थाना सोनहत भी उपस्थित रहे।

उप निरीक्षक नयन साय हुए सेवानिवृत्त

# एसपी सूरज सिंह परिहार की उपस्थिति में कोरिया पुलिस ने रक्षित केंद्र के कॉन्फ्रेंस हॉल में दी भावभीनी विदाई

भास्कर दूत



**कोरिया।** जिला पुलिस बल कोरिया छत्तीसगढ़ के उप निरीक्षक नयन साय दिनांक 30 नवंबर 2024 को अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए है। इस हेतु पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देश पर रक्षित केंद्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

श्री नयन साय दिनांक 26 मई 1981 को भर्ती होकर पुलिस में अपनी सेवाएं दें रहे थे। लगभग 43 वर्षो की अपनी सेवा अवधि में वह अविभाजित जिला कोरिया के थाना जनकपुर, DySP के रीडर, पोड़ी, चरचा, अजाक में पदस्थ रहे है एवं वर्तमान में रक्षित केंद्र बैकुंठपुर में अपनी ड्यूटी कर रहे थे।

कार्यक्रम में श्री नयन साय के साथ कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी यादें ताजा की। श्री साय ने भी अपने विभाग में कार्य के दौरान अपनी खट्टी - मीठी यादें बताई और अनुभव साझा किये।

एसपी कोरिया ने उप निरीक्षक नयन साय को शॉल, श्रीफल, उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। पुलिस अधीक्षक कोरिया के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ द्वारा सेवानिवृत होने पर उनके देय स्वत्वों जैसे अवकाश नगदीकरण, परिवार कल्याण निधि, समूह बीमा योजना, डीपीएफ फाइनल पेमेंट एवं उपादान की राशि सहित सम्पूर्ण भुगतान करने की कार्यवाही कर दिया गया है। कार्यक्रम के अंत में श्री नयन साय को पुलिस वाहन में उन्हें बैकुंठपुर के मुख्य चौक से होते हुए उनके निवास स्थान तक छोड़ा गया एवं ससम्मान विदाई दी गई है।

इस उपलक्ष्य में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, SDOP बैकुंठपुर कविता ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक श्याम लाल मधुकर, जे.पी.भारतेन्दु, राजेश साहू, रक्षित निरीक्षक, कार्यालय अधीक्षक, महिला परामर्श केंद्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ, सेवानिवृत हो रहे उप निरीक्षक नयन साय बेक का सम्पूर्ण परिवार समेत जिले के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

एक हफ्ते में LIC का मार्केट कैप ?60,656 करोड़ बढ़ा

# इंफोसिस की वैल्यू18,477 करोड़ रुपए घटी, पिछले हफ्ते 685 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई। पिछले हफ्ते टॉप 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से नौ का कम्बाइंड मार्केट वैल्यूएशन 2,29,589.86 करोड़ रुपए बढ़ गया। इस दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) टॉप गेनर रही।**




LIC का वैल्यूएशन 60,656.72 करोड़ रुपए से बढ़कर 6,23,202.02 करोड़ रुपए हो गया। वहीं HDFC बैंक का वैल्यूएशन 39,513.97 करोड़ रुपए बड़ा, जिससे उसका मार्केट कैप 13,73,932.11 करोड़ रुपए हो गया। हालांकि, इंफोसिस का एमकैप 18,477.5 करोड़ रुपए घट गया। बीते कारोबारी हफ्ते (25 से 29 नवंबर) के बीच सेंसेक्स 685 अंक चढ़ा। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन 29 नवंबर को सेंसेक्स 759 अंक (0.96%) की तेजी के साथ 79,802 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 216 अंक (0.91%) की तेजी रही, ये 24,131 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में तेजी और 4 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में तेजी और 7 में गिरावट रही। NSE रियल्टी और PSU को छोड़कर सभी तेजी के साथ बंद हुए।

## मार्केट कैपिटलाइजेशन क्या होता है?

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर, जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, की वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की टोटल नंबर को स्टॉक की प्राइस से गुणा करके किया जाता है। मार्केट कैप का इस्तेमाल कंपनियों के शेयरों को कैटेगराइज करने के लिए किया जाता है, ताकि निवेशकों को उनके रिस्क प्रोफाइल के अनुसार उन्हें चुनने में मदद मिले। जैसे लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप कंपनियां।

## मार्केट कैप कैसे काम आता है?

किसी कंपनी के शेयर में मुनाफा मिलेगा या नहीं इसका अनुमान कई फैक्टर्स को देख कर लगाया जाता है। इनमें से एक फैक्टर मार्केट कैप भी होता है। निवेशक मार्केट कैप को देखकर पता लगा सकते हैं कि कंपनी कितनी बड़ी है।

कंपनी का मार्केट कैप जितना ज्यादा होता है, उसे उतनी ही अच्छी कंपनी माना जाता है। डिमांड और सप्लाई के अनुसार स्टॉक की कीमतें बढ़ती और घटती है। इसलिए मार्केट कैप उस कंपनी की पब्लिक पर्सीवड वैल्यू होती है।

## मार्केट कैप कैसे घटता-बढ़ता है?

मार्केट कैप के फॉर्मूले से साफ है कि कंपनी की जारी शेयरों की कुल संख्या को स्टॉक की कीमत से गुणा करके इसे निकाला जाता है। यानी अगर शेयर का भाव बढ़ेगा तो मार्केट कैप भी बढ़ेगा और शेयर का भाव घटेगा तो मार्केट कैप भी घटेगा।

# भारत नेशनल इंडेक्स स्कोर में 29 देशों में दूसरे स्थान पर : रिपोर्ट

**नई दिल्ली । भारत ने नवंबर 2024 में नेशनल इंडेक्स स्कोर में 29 में से दूसरी रैंक हासिल की है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। एलएसईजी-इप्सोस प्राइमरी कंज्यूमर सेंटीमेंट इंडेक्स इंडिया रिपोर्ट-वर्तमान स्थितियों, अपेक्षाओं, निवेश और नौकरियों के आधार पर कंज्यूमर सेंटीमेंट को दर्शाती है।**



यह रिपोर्ट 25 अक्टूबर से 8 नवंबर के बीच 29 देशों के 75 वर्ष से कम आयु के 21,000 से अधिक वयस्कों के मासिक सर्वेक्षण पर आधारित है।

रिपोर्ट से बताया गया है कि 64.3 के साथ इंडोनेशिया 29 देशों में सबसे अधिक नेशनल इंडेक्स स्कोर रखता है, उसके बाद 61 के साथ भारत है। इंडोनेशिया और भारत ही ऐसे देश हैं जिनका नेशनल इंडेक्स स्कोर 60 या उससे अधिक है।

50 अंक से ऊपर के देशों में मेक्सिको (59.5), मलेशिया (56.9), सिंगापुर (56.7), अमेरिका (55.7), थाईलैंड (54.8), स्वीडन (53.6), नीदरलैंड (52.7) और ब्राजील (51.9) शामिल हैं। 40 अंक से नीचे के देशों में जापान (37.8), हंगरी (33.9) और तुकीये (29.8) शामिल हैं।

इप्सोस के सीईओ अमित अदारकर ने कहा कि भारत नेशनल इंडेक्स स्कोर में सबसे आशावादी बाजारों में से एक बना हुआ है, फेस्टिव सीजन की बिक्री के बाद नवंबर में कंज्यूमर सेंटीमेंट में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है, क्योंकि बड़ी संख्या में दीपावली के दौरान कपड़ों, मिठाइयों, खाने-पीने और बड़ी-बड़ी चीजों की खरीद पर बहुत अधिक खर्च करते हैं। सर्वेक्षण के परिणामों को उनकी आबादी के वर्ग के विचारों को प्रतिबिंबित करने के रूप में देखा जाना चाहिए। भारत का सैंपल इसकी शहरी आबादी के एक बड़े उपसमूह का प्रतिनिधित्व करता है।

एलएसईजी/इप्सोस प्राइमरी कंज्यूमर सेंटीमेंट इंडेक्स (पीसीएसआई) 2010 से चल रहा है। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान और भविष्य की स्थिति, व्यक्तिगत वित्तीय स्थिति, बचत और बड़े निवेश करने के आत्मविश्वास पर उपभोक्ताओं के दृष्टिकोण का एक मासिक सर्वेक्षण है।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 16.50 रुपए तक महंगा

### फ्री आधार अपडेट की डेडलाइन हो रही खत्म, दिसंबर में होने वाले 6 बदलाव



**नई दिल्ली।** 1 दिसंबर 2024 से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 16.50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में अब ये 1818.50 रुपए का मिलेगा। एक महीने पहले भी इसके दाम 62 रुपए बढ़ाकर 1802 रुपए कर दिए गए थे। वहीं फ्री आधार अपडेट की डेडलाइन इस महीने खत्म हो रही है। इसके अलावा मैसेज ट्रेसेबिलिटी नियम लागू किए जा रहे हैं। इसके तहत टेलीकॉम कंपनियां संदिग्ध नंबरों की पहचान करके उन्हें तुरंत ब्लॉक करेंगी, जिससे इन नंबरों से यूजर्स तक मैसेज नहीं पहुंच सकेगा। जेट फ्यूल 1,274 रुपए तक महंगा होने से हवाई सफर महंगा हो सकता है।

आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल सिलेंडर 16.50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में इसकी कीमत 16.50 रुपए बढ़कर 1818.50 हो गई। पहले ये 1802 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 15.5 रुपए बढ़कर ?1927 में मिल रहा है, पहले इसके दाम ?1911.50 थे। मुंबई में सिलेंडर 1754.50 रुपए से 16.50 रुपए बढ़कर 1771 रुपए का हो गया है। चेन्नई में सिलेंडर 1980.50 रुपए का मिल रहा है।

# अब मुट्ठीभर कमाई भी नहीं कर पा रही आई वांट टू टॉक, 7 दिन का कलेक्शन शर्मनाक



शूजीत सरकार इंडस्ट्री के सबसे मशहूर निर्देशकों में से एक हैं. उनकी फिल्में न केवल एंटरटेन करती हैं, बल्कि दिलो-दिमाग पर अमिट छाप भी छोड़ती हैं. उनकी लेटेस्ट रिलीज आई वांट टू टॉक के साथ भी उन्होंने यही करने की कोशिश की. फिल्म में अभिषेक बच्चन की परफॉरमेंस की तो काफी तारीफ हो रही है लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब परफॉर्म कर रही है. फिल्म की शुरूआत ही काफी ठंडी हुई थी और अब इसके एक हफ्ते का कलेक्शन भी काफी शर्मनाक है. चलिए यहां जानते हैं आई वांट टू टॉक ने रिलीज के सात दिनो में कितना कलेक्शन किया है

अभिषेक बच्चन स्टारर आई वांट टू टॉक को सिनेमाघरों में रिलीज हुए अब एक हफ्ता हो चुका है और इसका कलेक्शन रूला देने वाला है. वैसे ये फिल्म रिलीज के पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर मुट्ठीभर कमाने करने के लिए कड़ा संघर्ष कर रही है. इस फिल्म की शुरुआत ही चंद लाख से हुई थी और इसके बाद तो इसका बुरा हाल हो गया. आई वांट टू टॉक एक हफ्ते बाद भी 2 करोड़ का आंकड़ा नहीं छू पाई है. ऐसे में ये फिल्म ना केवल सुपर फ्लॉप हो चुकी है बल्कि मेकर्स के लिए बड़े घाटे का सौदा बन गई है.

फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने 25 लाख रुपये के कलेक्शन के साथ खाता खोला था. दूसे दिन फिल्म ने 55 लाख रुपये कमाए. इसके बाद, तीसरे दिन इसने 53 लाख रुपये कमाए. फिर चौथे दिन इसकी कमाई में भारी गिरावट देखी गई और इसने महज 17 लाख रुपये का कारोबार किया, पांचवें दिन फिल्म ने 18 लाख रुपये बटोरे. हालांकि, छठे दिन एक बार फिर बड़ी गिरावट देखी गई और ये केवल 12 लाख रुपये की कमाई कर पाई. वहीं अब फिल्म की रिलीज के सातवें दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

भूल भुलैया 3 का बॉक्स ऑफिस पर कब्जा

# सिंघम अगेन का खेल लगभग खत्म




इस हफ्ते बॉक्स ऑफिस पर कुछ फिल्मों ने अच्छी कमाई की। वहीं, कुछ फिल्में दर्शकों के दिलों में जगह बनाने में नाकाम रही। गुरुवार का कलेक्शन दर्शाता है कि दर्शकों का रुझान किस ओर है। 'भूल भुलैया 3' जहां अपने कलेक्शन से सफलता के नए आयाम छू रही है। वहीं, 'सिंघम अगेन' और 'आई वांट टू टॉक' जैसी बड़ी फिल्में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरीं और बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम हो गईं। ऐसे में, गुरुवार के कलेक्शन ने फिल्म इंडस्ट्री में फिर से यह साबित कर दिया कि किसी भी फिल्म की सफलता का निर्धारण उसके कंटेंट और दर्शकों के जुड़ाव से होता है।

कार्तिक आर्यन, माधुरी दीक्षित और विद्या बालन की प्रमुख भूमिका वाली 'भूल भुलैया 3' का प्रदर्शन अब तक बेहद शानदार रहा है। गुरुवार को इस फिल्म ने 92 लाख रुपये का कलेक्शन किया, जिससे इसका कुल कलेक्शन 251.02 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। फिल्म ने दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया है और इसके मनोरंजक और डरावने तत्वों ने फिल्म को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

# जेलर 2 के प्रोमो शूट से पहले रजनीकांत का धमाका, ब्रेकिंग बैड से इंस्पायर्ड पोस्टर किए रिलीज



हैदराबाद: रजनीकांत की जेलर 2 मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है और हो भी क्यों ना जेलर ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया था. सीक्वल के लिए अनुमानित प्रोमो शूट से पहले, प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने अब जेलर कलाकारों के लिए शानदार पोस्टरों की एक सीरीज को लॉन्च किया है, जो हिट अमेरिकी नेटफ्लिक्स सीरीज ब्रेकिंग बैड से प्रेरित है. नए पोस्टर में ब्रेकिंग बैड से इंस्पायर्ड फॉन्ट और कलर थीम शामिल हैं, जिसमें लीड एक्टर रजनीकांत समेत फिल्म के बाकी कलाकारों को भी दिखाया गया है. पोस्टर्स दिखने में वाकई कमाल के लग रहे हैं. पोस्टर पर टैगलाइन लिखी है, मैं खतरे में नहीं हूं, मैं खतरा हूं. अन्य पोस्टर्स में उनके को-एक्टर्स और मोहनलाल, शिवराजकुमार, जैकी श्रॉफ और विनायकन के किलर पोज जबरदस्त लग रहे हैं.

रिपोर्ट्स के मुताबिक नेल्सन दिलीपकुमार 5 दिसंबर को सुपरस्टार रजनीकांत के साथ फिल्म का प्रोमो शूट करने की योजना बना रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक नया प्रोमो रजनीकांत के 74 वें जन्मदिन पर रिलीज किया जाएगा. प्रोमो शूट चेन्नई में होने की उम्मीद है. हालांकि फैंस यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि प्रोमो में वास्तव में क्या होगा. नेल्सन दिलीपकुमार की 2023 की ब्लॉकबस्टर जेलर ने कई रिकॉर्ड तोड़े थे साथ ही फिल्म दर्शकों और क्रिटीक्स को काफी पसंद आई थी. रिपोर्ट्स के मुताबिक रजनीकांत के पूर्व दामाद धनुष से सीक्वल में एक अहम रोल के लिए कॉन्टैक्ट किया गया है हालांकि ऑफिशियल पुष्टि अभी बाकी है. जेलर 2 रजनीकांत की सुपर-हिट 2023 क्राइम-थ्रिलर जेलर का सीक्वल है. एक्टर ने फिल्म में एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी की भूमिका निभाई. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त परफॉर्म करते हुए दुनियाभर में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का कलेक्शन किया।

## खेल



# क्राइस्टचर्च टेस्ट में न्यूजीलैंड की हार

### इंग्लैंड ने 104 रन के टारगेट को 2 विकेट पर हासिल किया, WTC में भारत को फायदा

**इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे पहले टेस्ट में न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हरा दिया है। चौथे दिन इंग्लिश टीम ने मिले 104 रनों के टारगेट को 2 विकेट के नुकसान पर महज 12.4 ओवर में ही बना लिया। इसके साथ ही इंग्लैंड ने सबसे कम ओवरों में टेस्ट क्रिकेट में 100 से ज्यादा रनों के टारगेट चेज करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने इसी ग्राउंड पर 18.4 ओवर में 109 रनों के टारगेट को हासिल किया था। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में इंग्लिश टीम 1-0 से आगे हो गई है। इंग्लैंड ने इस मैच को जीतकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत का फायदा करा दिया है।**

इंग्लैंड के जीत के हीरो हैरी ब्रूक और ब्रायडन कार्स रहे। कार्स ने पूरे मैच में कुल 10 विकेट हासिल किया। उन्होंने पहले पारी में 19 ओवर गेंदबाजी की और 64 रन देकर 4 विकेट लिए। वहीं दूसरी पारी में उन्होंने 19.1 ओवर गेंदबाजी की और 42 रन देकर 6 विकेट लिए। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। वहीं हैरी ब्रूक ने पहली पारी में 197 गेंदों पर 171 रन की शानदार पारी खेली।

### चौथे दिन कीवी टीम 99 रन ही बना पाई

चौथे दिन कीवी टीम अपनी पारी में 99 रन ही जोड़ पाई। इससे पहले तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक कीवियों ने 6 विकेट खोकर 155 रन बनाए थे। स्टंप्स तक डेरियल मिचेल 31 और नाथन स्मिथ 1 रन बना कर क्रीज पर थे। कीवी ने चौथे दिन 155/6 आगे खेलते हुए अपनी पारी में 35 रन ही जोड़ कर सातवां विकेट खो दिया। नाथन स्मिथ 190 के स्कोर पर आउट हो गए। वहीं आठवां विकेट भी 2 रन के बाद गिर गया। नौवां विकेट 209 और न्यूजीलैंड ने अपना आखिरी विकेट 254 रन पर खो दिया। वहीं इंग्लिश टीम ने पहली पारी में 499 रन बनाए थे, जबकि न्यूजीलैंड ने 348 रन बनाए थे और दूसरी पारी में 254 रन बनाए थे। इस तरह इंग्लैंड को दूसरी पारी में 104 रन का टारगेट मिला। जिसे इंग्लैंड ने 2 विकेट खोकर बना लिए। जैकब बैथल ने नाबाद 50 और जो रूट 23 रन पर नॉटआउट रहे।



### इंग्लैंड की इस जीत से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत को फायदा मिला।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के फाइनल की रेस फिलहाल 5 टीमों के बीच जंग है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका, श्रीलंका और न्यूजीलैंड [illegible] फाइनल के सबसे बड़े दावेदार हैं। इंग्लैंड के हाथों मिली हार से न्यूजीलैंड को टेबल में रैंकिंग पर कोई नुकसान नहीं हुआ, वे 4 नंबर पर ही बरकरार रहे, लेकिन उसका परसेंटेज पॉइंट घटकर 5 नंबर पर खड़ी श्रीलंका के बराबरी पर आ गया है। दोनों के 50-50 परसेंटेज पॉइंट रह गए हैं।कीवी टीम को सीधे फाइनल में जाने के लिए सीरीज के सभी मैच जीतने जरूरी थे, लेकिन अब उसे अगले दो मैच जीतकर भी दूसरी टीमों पर निर्भर रहना पड़ेगा। वहीं टीम इंडिया को इससे बड़ा फायदा हो सकता है। हाल ही में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को पर्थ टेस्ट में हराकर प्वॉइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल किया था। वहीं साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को हराया और ऑस्ट्रेलिया को पछाड़कर सीधे नंबर 2 पर है. जबकि नंबर 3 पर ऑस्ट्रेलिया की टीम है।

## एक नजर

# सिर्फ डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ नहीं, ऑक्शन में नहीं बिके हैं ऑस्ट्रेलिया के 25 खिलाड़ी

**नईदिल्ली ।** आईपीएल 2025 का मेगा ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में हुआ था, जिसमें 182 खिलाड़ी बिके. इन सभी को खरीदने के लिए फ्रेंचाइजियों ने 639.15 करोड़ रुपए खर्च किए हैं, जबकि आईपीएल 2024 तक मिचेल स्टार्क सबसे महंगे खिलाड़ी थे. इस बार आईपीएल टीमों ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों पर ज्यादा फोकस नहीं किया. आईपीएल मेगा ऑक्शन 2025 में जोश हेजलवुड सबसे महंगे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी बने. लेकिन इस बार हेजलवुड को सिर्फ 12.50 करोड़ रुपए में खरीदा गया.



इस सीजन में कई बड़े ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अनसोल्ड रहे. जिसमें डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ शामिल हैं. लेकिन सिर्फ डेविड वॉर्नर और स्टीव स्मिथ ही नहीं, बल्कि 25 ऐसे बड़े ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं जो आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में अनसोल्ड रहे.

जोश हेजलवुड: आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के लिए जोश हेजलवुड का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये था. स्टार्क को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 12.50 करोड़ रुपये में खरीदा है.

मिचेल स्टार्क: आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन के लिए मिचेल स्टार्क का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये था. स्टार्क को दिल्ली कैपिटल्स ने 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा है.

# एडिलेड टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा बड़ा झटका

**नईदिल्ली ।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 6 दिसंबर से पिंक बॉल टेस्ट खेला जाना है. पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का यह दूसरा मैच होगा. इस टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लगा है. ऑस्ट्रेलिया का सबसे अहम गेंदबाज चोटिल होने की वजह से दूसरे टेस्ट से बाहर हो गया है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान जारी कर बताया कि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड चोटिल होने की वजह से एडिलेड में खेला जाने वाला डे-नाइट टेस्ट नहीं खेलेंगे. ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड को लेफ्ट पैर में चोटल लगी है, जिस वजह से वह 6 दिसंबर से एडिलेड में भारत के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट से बाहर हो गए हैं. अपने डेब्यू के बाद से ऐसा पहली बार होगा, जब हेजलवुड घर पर भारत के खिलाफ कोई टेस्ट मैच मिस करेंगे. इसमें कोई संदेह नहीं है कि हेजलवुड के चोटिल होने से ऑस्ट्रेलिया का तेज गेंदबाजी अटैक कमजोर हुआ है.



जोश हेजलवुड की जगह क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने दो नए तेज गेंदबाजों को ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया है. दो अनकैप्ड गेंदबाज सीन एबॉट और ब्रैंडन डोगेट भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए कंगारू टीम में शामिल किए गए हैं. इन दोनों ने अब तक टेस्ट क्रिकेट में अपना डेब्यू नहीं किया है. हालांकि, एबॉट कोई नए खिलाड़ी नहीं हैं, वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 26 वनडे और 20 टी20 इंटरनेशनल मैच खेल चुके हैं।

# केन विलियमसन ने रचा इतिहास

### टेस्ट क्रिकेट में पूरे किए 9000 रन; बना डाला विराट रिकॉर्ड



**नईदिल्ली ।** न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है. इस सीरीज का पहला मैच 28 नवंबर को शुरू हुआ था, जो 2 नवंबर तक खेला जाना है. यह टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल में खेला जा रहा है. इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन ने पहली पारी में शानदार पारी खेली. जिसकी बदौलत विलियमसन ने एक बड़ा इतिहास रच दिया है, जो आज तक न्यूजीलैंड का कोई भी खिलाड़ी नहीं कर पाया है. इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ने 9000 रन पूरे कर इतिहास रच दिया. विलियमसन यह उपलब्धि हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के पहले बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होंने दूसरी पारी में 26वां रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल की. 9000 रन पूरे करके केन विलियमसन न्यूजीलैंड के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. दूसरे नंबर पर रॉस टेलर हैं. उन्होंने 112 टेस्ट मैचों में 44.66 की औसत से 7683 रन बनाए हैं. इसके बाद तीसरे नंबर पर स्टीफन फ्लेमिंग हैं. फ्लेमिंग ने 111 टेस्ट मैचों में 40.06 की औसत से 7172 रन बनाए हैं.

केन विलियमसन ने 182 पारियों में यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की. टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 9000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में वे आठवें नंबर पर हैं. पहले नंबर पर कुमार संगकारा हैं. उन्होंने 172 पारियों में 9000 टेस्ट रन बनाए हैं।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेलवे रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक-पुअरेल/राय/एसी-1/पी-1859-बी/2024, रायपुर दिनांक 26/11/2024

**पुलिस अधीक्षक रेल कार्यालय भवन रायपुर मे लिफ्ट लगवाये जाने का कार्य हेतु।**

**निविदा विज्ञप्ति**

निम्नानुसार कार्य कराये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक रेल कार्यालय रायपुर (छ.ग.) की ओर से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/संस्थानों से 02 लिफाफा पद्धति में (लिफाफा 'अ' में टेक्निकल बीड एवं लिफाफा %ब% में फायनेंसियल बीड) मोहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। सीलचंद लिफाफे के ऊपर निविदा सूचना क्रमांक तथा निविदाकर्ता का पूरा नाम/पता लेख किया जाना आवश्यक है।

| स.क्र. | विवरण | सुरक्षा निधि 1% |
|---|---|---|
| 1. | **पुलिस अधीक्षक रेल कार्यालय भवन रायपुर में लिफ्ट लगवाये जाने हेतु। प्राक्कलित राशि रू. 19,37,000.00** | 19,370.00 |

निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से, आवेदन-पत्र के साथ आयकर प्रमाण पत्र तथा रु.300.00 कोषालय में लेखा शीर्ष 0055 पुलिस मिसलेनियस पुलिस रिसिप्ट के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता पुलिस अधीक्षक (रेल) रायपुर (छ.ग.) के नाम पर जमा कर बालान की मूल प्रति प्रस्तुत कर दिनांक 26.12.2024 के 16:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते है।

1 निविदा विक्री की अंतिम तिथि -26.12.2024 को 15:00 समय बजे तक।
2 निविदा जमा करने की अंतिम तिथि-26.12.2024 को 16:00 समय बजे तक।
3 निविदा खोलने की तिथि -27.12.2024 को 15:00 समय बजे तक।

**नोट-**
1 संबंधित निविदा की नियम एवं शर्ते, कार्यालय पुलिस अधीक्षक (रेल) रायपुर (छ.ग.) से कार्यालयीन दिवस एवं समय में निविदा प्रपत्र के साथ प्राप्त किए जा सकते हैं। ह्य
2 निविदा-प्रपत्र डाक कोरियर के माध्यम से स्वीकार नहीं किये जायेंगे।
3 निविदा खोलने की तिथि में यदि अवकाश घोषित होती है तो निविदा अगले कार्यालयीन दिवस में खोली जावेगी।

**पुलिस अधीक्षक ( रेल )**
रायपुर (छ.ग.)

# जिले में बाल विवाह के खिलाफ कैंडल मार्च निकालकर दिलाई गई शपथ








भास्कर दूत

**एमसीबी**/ नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ जिसका लाइव प्रसारण का आयोजन जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर छ.ग. में महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत में आम सभा बुलवाकर प्रोजेक्टर के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारी की उपस्थिति में जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री शुभम बंसल जी के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस आयोजन के सह कार्यशाला में डोमेनपारा के सरपंच भवन सिंह, डिहुली के सरपंच सोनकुंवर जी, प्रधान अध्यापक नील कुसुम कुजुर जी के अतिरिक्त हार्ड संस्था ष्जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंसष् के साथ भागीदारी कर हार्ड संस्था के कार्यकर्ता राखी जी, संतोषी जी, कमलेश जी, सागर जी, नीता जी के साथ मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के ग्राम डोमनपारा, भालोर, डिहुली, डगौरा एवं अन्य ग्रामों में हार्ड संस्था के प्रमुख श्री सुशील शर्मा जी के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ व कैंडल मार्च आदि का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान के समर्थन में किया गया जिसका उद्घाटन 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। इस दौरान उन्होंने पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही शपथ लेने वालों की संख्या 25 करोड़ तक पहुंच जाएगी। इस मौके पर बाल विवाहों की सूचना व शिकायत के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल भी शुरू किया गया है। वर्षों से बाल विवाह के खिलाफ काम करने के नाते हम भलीभांति जानते हैं कि समग्र और समन्वित प्रयासों के बिना यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती लेकिन अब हमें यह विश्वास है कि सरकार और नागरिक समाज के साझा प्रयासों से भारत 2030 से पहले ही बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 114 कृषक निकले फर्जी, जांच पूरी होने तक धान क्रय स्थगित करने के निर्देश

**एमसीबी**/ कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार में केल्हारी तहसील से प्राप्त जांच प्रतिवेदन और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई 221 कृषकों (वन अधिकार पत्र धारकों) की सूची के सत्यापन में बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में यह पाया गया है कि 114 कृषक ऐसे हैं जिनका वन अधिकार पत्र सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी नहीं किया गया है। बावजूद इसके, इन कृषकों का धान खरीदी केंद्र में पंजीयन वन अधिकार पत्र धारी धान कृषक के रूप में किया गया है। इन 114 वन अधिकार पत्र धारी धान कृषकों को प्रथम दृष्टया फर्जी माना गया है। जांच लंबित रहने तक इन कृषकों से धान ऋय रोकने का आदेश जारी किया गया है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इन फर्जी किसानों से धान की खरीद पर तत्काल रोक लगाई जाए। यदि इस आदेश का पालन नहीं किया गया, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### एसपी निखिल राखेचा ने किया नशा मुक्ति केंद्र का निरीक्षण,मरीजों की ली प्रतिक्रिया



**गरियाबंद( भास्कर दूत )** । पुलिस अधीक्षक आज अपने टीम के साथ गरियाबंद जिला अंतर्गत स्थित नशा मुक्ति केंद्र मे औचक निरीक्षण कर गए नशा मुक्ति केंद्र में नशे से ग्रसित लोगों से मिलकर उनके हाल-चाल जाने पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी लोगों को सुबह शाम व्यायाम, योग,प्राणायाम के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने को कहा। सभी को समझाइए देते हुए कहा कि नशा एक जाल है इसमें जो व्यक्ति फस गया उसका निकलना बहुत मुश्किल है शासन का योजना नशा मुक्ति केंद्र एक अच्छा नशे से निकलने के लिए एक प्रयास है जिसमें आप लोग नशे से दूर रहकर अपने शारीरिक एवं पारिवारिक जीवन को अच्छा और बेहतर बना सकते हैं नशे से खुद का जीवन तबाह होता ही है साथ ही परिवार में भी हमेशा क्लेश बना रहता है और यही क्लेश एक दिन आदमी का जीवन तबाह कर देता है तो आप सभी इस नशे रूपी जाल से बाहर निकलकर एक सामान्य जीवन व्यतीत करें और अच्छे से रहे। इस बीच जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं रक्षित निरीक्षक गरियाबंद उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक रूद्री में दिया जाएगा निःशुल्क प्रशिक्षण

इच्छुकों से 10 दिसम्बर तक मंगाए गए आवेदन

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत भोलराव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक रूद्री, धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन और मोटर व्हीकल लेवल 3 का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुकों से आगामी 10 दिसम्बर तक आवेदन मंगाए गए हैं। आवेदन के साथ आठवीं एवं दसवीं की अंकसूची, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज़ फोटोग्राफ्स और श्रम कार्ड की छायाप्रति(यदि हो तो) लगाना होगा। प्राचार्य, भोपाल राव पवार शासकीय पॉलिटेक्निक रूद्री, धमतरी ने बताया कि आवेदन संस्था के कौशल विकास विभाग शाखा में जमा किया जा सकता है।

## विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली गई कैंडल रैली

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिलाई गई शपथ




**धमतरी।** आज विश्व एड्स दिवस है। इसके मद्देनजर एड्स दिवस की पूर्व संध्या 30 नवंबर को जिला चिकित्सालय धमतरी के प्रांगण में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यू एल कौशिक ने बताया कि इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ आर सूर्यवंशी



द्वारा उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियो एवं नर्सिंग स्टुडेंट को एच आई वी/ एड्स पीड़ितो से किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने एवं समानता का अधिकार देने हेतु शपथ दिलाई गई। इसके बाद नर्सिंग स्टुडेंट के द्वारा जागरूकता संदेश देते हुए कैंडल मार्च शहर के मुख्य मार्ग से निकाला गया। इस कार्यक्रम में अधिकारी, कर्मचारी, समाज सेवी संस्था के साथ ही ट्रांसजेन्डर और नोडल अधिकारी डॉ आदित्य सिन्हा उपस्थित रहे।

## सुन्नी जामा मस्जिद हनफिया गौसिया, मनेन्द्रगढ़ का मतदान 16 जनवरी 2025 को

भास्कर दूत

**एमसीबी।** छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड, रायपुर के पत्र क्रमांक/पंजीयन/1197/2024, 29 अक्टूबर 2024 के माध्यम से तहसीलदार एवं निर्वाचन अधिकारी मनेन्द्रगढ़ के पत्र क्रमांक/820/तह/निर्वा/2024, 29 नवंबर 2024 के तहत सुन्नी जामा मस्जिद हनफिया गौसिया सुन्नी रजाए मुस्तफा कमेटी, मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की गई है। चुनाव के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का समय 9 दिसंबर 2024 से 20 दिसंबर 2024 तक रहेगा। यह कार्य प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक किया जाएगा, जिसका स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मनेन्द्रगढ़ (नीला ड्रेस) है। मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर 2024 को सुबह



11 बजे होगा, जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मनेन्द्रगढ़ (नीला ड्रेस) में किया जाएगा। दावा-आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया 23 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक चलेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 2 जनवरी 2025 को सुन्नी जामा मस्जिद हनफिया गौसिया, सुन्नी रजाए मुस्तफा कमेटी, मनेन्द्रगढ़, जिला एमसीबी में किया जाएगा।

नामांकन फार्म लेने और जमा करने की तिथि 3 जनवरी 2025 से 7 जनवरी 2025 तक सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक निर्धारित की गई है। नाम वापसी की प्रक्रिया 8 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पूरी की जाएगी। स्कूटनी और चुनाव चिन्ह का आबंटन 9 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा।

चुनाव का आयोजन 16 जनवरी 2025 को गुरुवार के दिन किया जाएगा। मतदान सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मंगल भवन, मौहारापारा, मनेन्द्रगढ़ में होगा। सभी प्रकार के फार्म शासकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या शाला मनेन्द्रगढ़ (नीला ड्रेस) से प्राप्त किए जा सकते हैं। फार्म का निर्धारित शुल्क 100 रुपये रखा गया है, जबकि उम्मीदवारों के लिए नामांकन शुल्क 5,000 रुपये निर्धारित है। निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए सभी आवेदकों और मतदाताओं को नियमानुसार कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।

## आगामी नगरपालिका एवं पंचायत चुनाव 2024-25 के लिए अधिकारियों का हुआ कार्य विभाजन

भास्कर दूत




**एमसीबी**/ कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के आदेशानुसार आगामी नगरपालिका तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 की तैयारी एवं निर्वाचन संबंधित कार्यों हेतु 14 नवंबर 2024 को जारी निर्देश में आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारियों के मध्य कार्यों का विभाजन किया गया है। कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला प्रभारी अशोक वाडेगावकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दी गई है। जाबो कार्यक्रम, मतगणना, विकासखंड स्तर पर नाम निर्देशन प्राप्ति एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति और अन्य चुनावी व्यवस्थाओं के लिए नितेश उपाध्याय, परियोजना निदेशक डीआरडीए को जिला प्रभारी बनाया गया है। सभी नगरीय क्षेत्र के जाबो कार्यक्रम की जिम्मेदारी राम प्रसाद आचला, नगर निगम कमिश्नर को सौंपी गई है। शिकायत सेल और नियंत्रण कक्ष के लिए शैलेश गुप्ता, सहायक अभियंता को जिम्मेदारी दी गई है। निर्वाचन कर्तव्य, मतपत्र, प्रशिक्षण, मानव संसाधन, निर्वाचन सामग्री, रिजर्व दल तथा सामग्री वितरण और वापसी का प्रभार अजय मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का जिला प्रभार शुभम बंसल, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को दिया गया है। मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) और मीडिया संबंधी कार्यों के लिए लोकेश्वर सिंह, जिला जनसंपर्क अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है। परिवहन योजना एवं रूट चार्ट का प्रभार दयानंद तिग्गा, जिला खनिज अधिकारी को सौंपा गया है। कार्मिक कल्याण कार्य के लिए रमेश सिन्हा, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। मतपेटी का कार्य देवेंद्र श्रीवास, कार्यपालन अधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति को जिला प्रभारी का कार्य सौंपा गया है।

मतपत्र मुद्रण, प्रूफ रीडिंग और निर्वाचन व्यय मॉनिटरिंग का दायित्व चंद्रशेखर सर्राफ, जिला कोषालय अधिकारी को दिया गया है। प्रेक्षक के तौर पर नीरज, अनुविभागीय अधिकारी (वन) को और चिकित्सा सहायता के लिए अविनाश खरे, सीएमएचओ को जिम्मेदारी दी गई है। प्रतिवेदन का कार्य सुशील तिवारी, सहायक प्राध्यापक, शासकीय विष्णु महाविद्यालय मनेंद्रगढ़ को सौंपा गया है।

## विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम में नार्यन सेन को किया गया सम्मानित

भास्कर दूत




**बलौदा बाजार।** जिला मुख्यालय बलौदा बाजार में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में बलौदा बाजार मुख्यालय में 30 नवंबर शनिवार को गुरुकुल इंग्लिश स्कूल खेल मैदान में मुख्य अतिथि विजय केसरवानी भारत स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चितावर जायसवाल नगर पालिका अध्यक्ष एवं कीड़ा अधिकारी शिवकुमार बांधे द्वारा विधि विधान पूर्वक मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस युवा उत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न पारंपरिक विधाओं को सम्मिलित किया गया जिसमें लोक नृत्य सामूहिक नित्य पुरातन भारतीय शैली नित्य लोकगीत संगीत चित्रकला का तात्कालिक भाषण कविता विज्ञान कला कृषि उत्पाद सहित विभिन्न पारंपरिक विधाओं का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न संस्थाओं के 15 वर्ष से 29 वर्ष के युवाओं ने भाग लेकर कार्यक्रम में हिस्सा लिया जिसमें नार्यन सेन का उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चयन कर सम्मानित किया गया एवं नार्यन को जिला स्तरीय युवा उत्सव के लिए चयनित किया गया सेन द्वारा अपनी सफलता का श्रेय अपनी कक्षा शिक्षिका वंदना तिवारी सहित अपने माता चमेली सेन एवं पिता पुरुषोत्तम सेन को मार्गदर्शन बताया इस सफलता में उसके परिजन सहित गांव के सभी युवा एवं मित्रों द्वारा हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दिया

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदा बाजार राज के युवा अध्यक्ष बने रघुनंदन बघमार

भास्कर दूत



**बलौदा बाजार।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज बलौदाबाजार राज के लोकतांत्रिक पद्धति से नवनिर्वाचित राज प्रधान सुनीता वर्मा की राज कार्यकारणी का शपथ ग्रहण बलौदा बाजार कुर्मी भवन में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप की गरिमामय उपस्थिति में 27/11/2024 को सम्पन्न हुआ ।

सुनीता वर्मा ने अपनी कार्यकारिणी को शपथ दिलाया। जिसमे कुर्मी समाज के युवा अध्यक्ष का दायित्व सेवाभावी ,स्वच्छ छवि , संगठन कार्य में अनुभव रखने वाले युवा रघुनंदन बघमार को दिया गया । युवा अध्यक्ष के रूप में अपनी नियुक्ति पर रघुनंदन बघमार ने राजप्रधान सुनीता वर्मा व केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स कश्यप के प्रति आभार व्यस्त किया और युवा नेतृत्व की कमान जिस विश्वास के साथ उनके कंधों पर डाला गया है उसमें खरा उतरने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि अपने 3 साल के कार्यकाल में युवाओं के लिए नेतृत्व विकास ,नशामुक्त युवा, संस्कारवान युवा ,आत्मनिर्भर युवा,सेवाभावी युवा सहित अपने इतिहास के गौरव का मान रखने वाली युवाशक्ति तैयार करने की योजना पर काम होगा। समाज में आदर्श युवाओं की बड़ी शक्ति तैयार करने की बात कही । रघुनंदन बघमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य युवाओं का व्यक्तिव विकास कर आत्मनिर्भर युवा से आत्मनिर्भर समाज और आत्म निर्भर समाज से आत्मनिर्भर राष्ट्र के लक्ष्य में मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का विशेष योगदान देना रहेगा ये सभी कार्य समाज के मुखिया सुनीता वर्मा व केंद्रीय अध्यक्ष खोडस कश्यप जी के मार्ग दर्शन में कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा।

इस चयन पर केंद्रीय अध्यक्ष खोडस कश्यप , राज प्रधान सुनीता वर्मा केंद्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा सहित हेमंत टिकरिहा, मनु वर्मा ,दनेश्वर वर्मा(खपराडीह) भानु वर्मा(बलौदाबाजार) ,अमित वर्मा (कोकड़ी ) विवेक वर्मा(बलौदाबाजार), युगल किशोर वर्मा(गुमा), पंकज वर्मा(बलौदाबाजार) ,मनीष वर्मा (गैतरा), हर्ष वर्मा(गैतरा) नितेश वर्मा (गैतरा)दीपक बघमार (खपराडीह ),राकेश वर्मा (चंडी),दुर्गेश वर्मा(सकरी ) विकास वर्मा (सकलोर)लक्ष्मी नारायण (भरूवाडीह) रवि वर्मा (चांपा )सहित सभी युवा साथियों ने बधाई दिया।

## मनेंद्रगढ़ तहसीलदार के विरुद्ध लामबंद हुआ व्यापारी संघ

चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले विरोध प्रदर्शन

भास्कर दूत




**एमसीबी।** एमसीबी जिला क्षेत्र अंतर्गत मनेंद्रगढ़ में शुक्रवार को हुए अतिक्रमण हटाने दौरान तहसीलदार एवं सीमेंट ,सीट दुकान संचालक के मध्य उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा वहीं शनिवार को सुबह से व्यापारी संघ चेंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले तहसीलदार की कार्यवाही का विरोध करते हुए मनेंद्रगढ़ शहर के विभिन्न जगहों से होकर शहर की दुकानों को बंद कराने का निवेदन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक, व्यापारी बंधु उपस्थित रहे । मनेंद्रगढ़ में बिगड़ा माहौल,व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दी चेतावनी मनेंद्रगढ़ में व्यापारियों और प्रशासन के बीच चल रहा बड़ा बवाल।

आपको बता दें कि शुक्रवार को तहसीलदार के साथ मारपीट और तहसीलदार की शिकायत पर दर्ज एफआईआर पश्चात अब शनिवार सुबह से ही शहर का माहौल गर्म चुका प्रशासन के अतिक्रमण हटाने के रवैये के विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद का ऐलान किया है।

उक्त वजह से आज पूरे क्षेत्र की लगभग - लगभग दुकानें बंद हैं। इधर तहसीलदार के साथ मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत् स्नढ्ढक्र दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मनेंद्रगढ़ में तहसीलदार और व्यापारियों के बीच अतिक्रमण हटाने को लेकर बढ़ते विवाद ने नया मोड़ ले लिया है।

घटना से आक्रोशित व्यापारी सड़कों पर उतर आए हैं। प्रशासन के रवैये के विरोध में व्यापारियों के बाजार बंद के ऐलान के बाद पूरा मार्केट को बंद कराने निवेदन किया जा रहा है।

व्यापारियों ने प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की है।

उक्त विरोध प्रदर्शन में चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य भी व्यापारियों के समर्थन में शामिल हुए। बाजार की सभी दुकानों में ताले लटके हुए नजर आए जिससे क्षेत्र में पसरा हुआ है सन्नाटा उक्त संबंध में -विरोध प्रदर्शन में शामिल सभी व्यापारी वर्ग ने एक स्वर में उक्त घटना की निंदा की है।



दैनिक भास्कर दूत
हर खबर पर नज़र
दिल में छत्तीसगढ़
रायपुर, सोमवार 02 दिसंबर 2024



# पावर हाऊस में लगी आग से कई ट्रांसफार्मर खाक!

## बंद पड़े ट्रांसफार्मर में आग लगी या लगाई गई? छुट्टी का दिन नहीं होता तो संभव था बड़ा हादसा

राजनांदगांव। शहर के कैलाश नगर स्थित पावर हाउस के यार्ड में रखे बिजली ट्रांसफार्मर्स में आज शाम अचानक आग लगने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस घटना में कई अनुपयोगी ट्रांसफार्मरों के पूरी तरह जलने की बात सामने आ रही है, लेकिन विभाग द्वारा अभी तक कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। लोगों का मानना है कि रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण इस आगजनी से कोई जनहानि नहीं हुई, वरना बड़ी घटना भी हो सकती थी?

भास्कर दूत

आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गहरे काले धुएं के गुबार ने पूरे आसमान को ढंक दिया था। आग की लपटें उठते देख और आसपास आसमान पर गहरे काले धुएं का गुबार उठते देख लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल पड़े, वहीं आग को देखने के लिए लोगों की मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। उस दौरान पावर हाउस के यार्ड में रखे अनुपयोगी ट्रांसफार्मर्स धू-धू कर जलते रहे। घटना की खबर पर मीडिया कर्मी भी मौके पर पहुंचे और उसके बाद इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल होने लगा। रविवार की शाम चार-पांच बजे कैलाश नगर स्थित विद्युत विभाग के परिसर में मंदिर और डिवीजन ऑफिस के बीच बड़ी संख्या में रखे ट्रांसफार्मर आग से धधक उठे। इस दौरान जोरदार धमाका भी हुआ। हालांकि इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग का रौद्र रूप वाला सोशल मीडिया में इस तरह वायरल हुआ कि घटना को लेकर सनसनी फैल गई और उत्सुकतावश मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सुरक्षा व्यवस्था बनाने पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने मोर्चा संभाला।







### आग बुझाने देर से पहुंची दमकल की तीन गाड़ियां

इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी तो मौजूद रहे, लेकिन बड़े अधिकारी नजर नहीं आए। कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, अपर कलेक्टर खेमलाल वर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी संजय बरेठ सहित जवानों की फौज पहुंचने के साथ तीन दमकल गाड़ियां भी मौके पर पहुंची, जिनमें बिजली कंपनी की भी गाड़ी थी। आग बुझाने नगर निगम द्वारा यूनिसेफ का बड़ा पानी टैंकर भी भेजा गया, तब तक मौके पर डंप पड़े अधिकांश ट्रांसफार्मर जल चुके थे और घटना स्थल पर अंधेरा छाया हुआ था। बिजली खंभे पर चढ़कर लाइन काटने के बाद शाम 6.15 बजे फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार की गई। अंधेरे की वजह से यह पता नहीं चल सका कि कितने ट्रांसफार्मर जले हैं? विद्युत कर्मियों से ही जानकारी मिली कि जलते वक्त ट्रांसफार्मर का तेल उबल रहा था। घटना में किसी की जान तो नहीं गई है, लेकिन संभागीय कार्यालय का एक हिस्सा आंच में क्षतिग्रस्त हुआ है।

### घटना के बाद अंधेरे में डूबा रहा बिजली आफिस परिसर

जानकारी के अनुसार आग लगने से कई ट्रांसफॉर्मर जलकर नष्ट हो गए। आग इतनी भयानक थी कि काले धुएं के गुबार के साथ लपटें काफी ऊंचाई तक देखी गई। आग बुझाने तीन दमकल गाड़ी पहुंची। साथ ही एक बड़ा पानी टैंकर भी पहुंचा था। घटना के बाद जहां बिजली ऑफिस में अंधेरा छा गया था, वहीं सुरक्षा में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था। जांच में जिला प्रशासन के अधिकारी भी पहुंच गए थे। रविवार सरकारी छुट्टी के दिन घटित इस घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चा है।

### कलेक्टर अग्रवाल-एसपी ने लिया घटना स्थल का जायजा

आगजनी की खबर लगने पर जिलाधीश संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग, पुलिस अधिकारी व जवानों ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। दमकल की टीम काफी देर से मौके पर पहुंची, तब तक कई ट्रांसफार्मर्स पूरी तरह जल चुके थे। यूं कहें कि सांप निकलने के बाद लकीर पीटने के लिए दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने की औपचारिकता निभाई गई। इस दौरान आगजनी की इस घटना में दो लोगों की अकाल मौत की भी अफवाह तेजी से फैली, जिसके बाद घटना स्थल पर लोगों की भीड़ और बढ़ गई। आने वाले लोगों की भीड़ को देखते हुए बिजली आफिस परिसर के मेन गेट को बंद करना पड़ा।

### ईई रविंद्र गोस्वामी ने कहा- शार्ट सर्किट से लगी आग

घटना के बारे में राजनांदगांव विद्युत संभाग के ईई रविंद्र गोस्वामी का कहना है कि रिपेयरिंग सेक्शन में दो-तीन ट्रांसफार्मर रखे ही रहते हैं।

रिपेयरिंग करते शॉर्ट सर्किट से आग लगी, जो आयल तक पहुंच गई, जिसे बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन नहीं बुझ पाई। घटना से रिपेयरिंग शेड गिर गया। बहुत ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। कितने ट्रांसफार्मर जले हैं, इसकी जानकारी कल ही मिल पाएगी।

### भ्रष्टाचार को छुपाने का प्रयास तो नहीं?

घटना को लेकर अब जन चर्चा है कि पावर हाउस में आग लगने की घटना के पीछे भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की कोशिश की गई है? कहा जा रहा है कि बंद पड़े और अलग-थलग रखे पड़े ट्रांसफार्मर में आखिर शार्ट सर्किट कैसे संभव है? यदि ईई श्री गोस्वामी की बात पर गौर करें तो उनके हिसाब से यार्ड में रखे गए ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग के लिए जो बिजली कनक्शन लिया गया है, उसमें शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की घटना हुई है। ऐसे में सवाल भी उठाए जा रहे हैं कि साप्ताहिक अवकाश का दिन होने के बावजूद आखिर वो कौन विभागीय कर्मचारी हैं, जिनके द्वारा रिपेयरिंग का काम किया जा रहा था? जाहिर है कि आज रविवार होने के कारण वहां कोई कर्मचारी रिपेयरिंग काम पर नहीं था। और वैसे भी जब रिपेयरिंग का काम जारी रहेगा और बिजली की धारा प्रवाह खपत होती रहेगी, तभी शार्ट सर्किट संभव हो सकता है। बंद पड़े ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट जैसी बात किसी के गले नहीं उतर रही है। जानकारों का कहना है कि आगजनी की यह घटना किसी भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की साजिश का ही नतीजा है। ऐसे में इस घटनाक्रम की बारीकी से जांच कराया जाना बेहतर होगा, ताकि लोगों के जेहन में जो सवाल कौंध रहे हैं, उनके संतोषजनक जवाब मिल सके और दोषियों का भी चेहरा सामने आ सके।

# कोतवाली थाने में गुंडे-बदमाशों की हुई परेड

## सीएसपी नायक ने परेड लेकर दी समझाईश



राजनांदगांव (भास्कर दूत)। आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 के मद्देनजर शांतिपूर्ण व निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आदतन निगरानीशुदा गुंडा, बदमाशों की कोतवाली थाना परिसर में परेड लेकर बदमाशों को सीएसपी द्वारा आवश्यक समझाईश दी गई।

नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक द्वारा थाना सिटी कोतवाली परिसर में थाना कोतवाली, लालबाग, पुलिस चौकी चिखली क्षेत्र के सूचीबद्ध आदतन निगरानी गुंडा बदमाशों, आपराधिक गतिविधियों में सम्मिलित रहने एवं आदतन अपराधियों को थाना कोतवाली परिसर में परेड कराया गया। साथ ही बदमाशों को आगामी चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार से गड़बड़ी न फैलाने आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की समझाईश दी गई। इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ, लालबाग ग्रामीण थाना निरीक्षक नवरतन कश्यप, पुलिस चौकी चिखली प्रभारी व उपनिरीक्षक नरेश बंजारे की उपस्थिति रही।

**आवश्यकता है**
नर्सिंग स्टाफ- (2 पोस्ट)
बी.एस.सी. नर्सिंग, ए.एन.एम., जी.एन.एम.
एनआईसीयू स्टाफ- (2 पोस्ट)
2 वर्ष का अनुभव
लैब टेक्नीशियन- 2 पोस्ट
सिक्युरिटी गार्ड- 1 पोस्ट
एम्बुलेंस ड्रायवर- 1 पोस्ट
डी.एन.ए. क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल
एक्सिस बैंक के पास, भदौरिया चौक
राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 93431-84709

# नक्सलियों का पीएलजीए सप्ताह आज से

## जिले सहित सीमावर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस अलर्ट

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। नक्सलियों द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी दो से आठ दिसंबर तक पीएलजीए की 24वीं वर्षगांठ मनाने का ऐलान किया गया है। इसके तहत महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ (एमएमसी जोन) में नक्सलियों द्वारा पर्चे फेंके जाने की खबर है।




पुलिस सूत्रों के अनुसार राजनांदगांव रेंज से लगे बालाघाट के भीतरी क्षेत्रों में पीएलजीए की 24वीं वर्षगांठ को धूमधाम से मनाने के लिए नक्सलियों द्वारा बैनर लगाए गए हैं। बैनर में नक्सलियों ने आरएसएस और हिन्दुत्व फांसीवाद व मनुवादियों से देश को बचाने की अपील की है। साथ ही नक्सल संगठन की ओर से युवक-युवतियों से पीएलजीए में भर्ती होने के लिए भी अपील की है।

गोंदिया-राजनांदगांव बार्डर (जीआरबी) डिवीजन कमेटी की भाकपा द्वारा बैनर के अलावा एक पंपलेट में देश के बड़े उद्योगपतियों मुकेश अंबानी व गौतम अड़ानी समेत कुछ प्रमुख कारोबारियों की बढ़ती संपत्ति को लेकर भी नक्सलियों ने सवाल उठाएं हैं। साथ ही देश की करोड़ों रुपए की रकम लेकर फरार पूंजीपतियों का कर्ज माफ करने पर भी नक्सलियों ने आपत्ति की है। ज्ञात हो कि 24 साल पहले नक्सलियों ने जनमुक्ति छापामार सेना का गठन किया था। इस गठन को लेकर हर साल नक्सली सप्ताह मनाते हैं। बालाघाट पुलिस सीमा पर अलर्ट है।

पुलिस के अनुसार मोहला-मानपुर-अंबागढ़चौकी, राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के थाना व चौकियों एवं बेस कैम्प के जवान भी नक्सलियों के सप्ताह को लेकर चौकस हैं। राजनांदगांव रेंज के आईजी दीपक झा ने भी नक्सलियों के इस सप्ताह को लेकर नक्सल क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

# गैंदाटोला और छुरिया थाने में जप्त शराब का नष्टीकरण



राजनांदगांव (भास्कर दूत)। गैंदाटोला एवं छुरिया पुलिस द्वारा जप्ती के बाद वर्षों से जप्त शराब के जखीरे को आज कोर्ट के आदेश पर नष्ट किया गया।

पुलिस सूत्रो के अनुसार मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव ओम साहू की उपस्थिति में आबकारी एक्ट के तहत उक्त दोनों थानों में जप्त अवैध देशी, विदेशी और महुआ शराब का नष्टीकरण किया गया, जिसमें थाना गैंदाटोला के वर्ष 2015 से 2018 तक आबकारी मामले में रखे 75 प्रकरणों में 193.360 बल्क लीटर एवं थाना छुरिया के वर्ष 2014 से 2021 तक आबकारी मामले में रखें 86 प्रकरणों में 882.17 बल्क लीटर शराब कुल 161 प्रकरणों मैं 1,075.53 बल्क लीटर अवैध शराब को मुख्य मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में थाना छुरिया के पुराना धान मंडी परिसर में विधिवत नष्टीकरण किया गया। इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ओम साहू, थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक रमेश पटेल, थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक संतोष भूआर्य एवं थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# एड्स दिवस पर तुमड़ीबोड़ में जागरूकता कार्यक्रम

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक दिसंबर को पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ द्वारा ग्राम में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत तुमड़ीबोड़ के सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में अपर सत्र न्यायाधीश अविनाश तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हेमंत कुमार रात्रे,



तुमड़ीबोड़ पुलिस द्वारा एड्स जैसी गंभीर बीमारी के बचाव एवं ईलाज, सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, नशा मुक्ति, महिला संबंधी अपराधों एवं घरेलू उत्पीडन में विधिक सहायता, दुर्घटना की रोकथाम एवं दुर्घटना के प्रकरणों में सहायता राशि एवं गंभीर अपराधों में पीड़ित पक्ष को दी जाने वाली सहायता राशि सहित अन्य त्वरित समस्याओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू, जागेश्वर यदु, पूर्व जनपद अध्यक्ष हुकुम चंद्रवंशी, ग्राम सरपंच टीकम पटेल एवं आसपास के गांवों के ग्राम सरपंच, ग्रामीण तथा चौकी प्रभारी कैलाश मरई सहित चौकी पुलिस स्टाप उपस्थित रहा।

# अग्र अलंकरण समारोह जनवरी में

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। महामंडेलश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सानिध्य में एवं अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमेन प्रदीप मित्तल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता की उपस्थिति में अग्रवाल समाज की 51 महान विभूतियों का प्रतिवर्ष सम्मान करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे व्यक्तित्व जिन्होंने अपना परचम किसी एक क्षेत्र में राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फहराया हो, उनके द्वारा किए गए कार्य से अग्रवाल समाज का मान सम्मान बढ़ा हो, ऐसी उत्कृष्ट प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें सम्मानित किया जाना है। यह सम्मान समारोह आगामी पांच जनवरी को सुबह 10 बजे से अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर जनपथ, दिल्ली में आयोजित होगा।

## एसपी मोहित गर्ग ने थानेदारों की बैठक लेकर दिए कई अहम निर्देश और सुझाव

# सड़क दुर्घटनाएं रोकने पुलिस अलर्ट, चलेगा अभियान

राजनांदगांव (भास्कर दूत)। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सड़क सुरक्षा विषयों को लेकर एसपी मोहित गर्ग ने शनिवार को थाना प्रभारियों व संबंधितों से चर्चा की। साथ ही सड़क हादसों के स्थानों को चिन्हित कर दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में रम्बलर ब्रेकर, हाई मास्क लाईट, रोड चौड़ीकरण हेतु संबंधित विभाग एनएचएआईए, पीडब्ल्यूडी एवं पेड़ों की कटाई हेतु वन विभाग को पत्राचार करने की बात कही।

श्री गर्ग ने यातायात पुलिस एवं सभी थाना प्रभारियों को तेज रफ्तार वाहन चालकों, बिना हेलमेट, ओवर स्पीड वाहन चालकों, शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने आदि मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने कहा। शनिवार को एसपी मोहित गर्ग के निर्देशन एवं एएसपी राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा संबंधी विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक में जिले के शहर एवं ग्रामीण थानों के थाना प्रभारीगण उपस्थित थे।

### रांग साईड नहीं चलने लगेंगे साईन बोर्ड

सोमनी थाना क्षेत्रांतर्गत ब्लीज होटल में रांग साईड आने वाले वाहनों के कारण सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है, जहां रोकथाम हेतु रांग साईड नहीं चलने हेतु साईन बोर्ड लगाकर जागरूक किया जा सकता है। साथ ही रांग साईड चलने वाले वाहनों पर मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है। अंजोरा बायपास के पास दुर्ग की ओर से आने वाले वाहन नेशनल हाईवे में प्रीति ढाबा के पास जुड़ते हैं, जहां अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उक्त स्थान पर मार्ग चौड़ीकरण एवं ट्रैफिक सिग्नल लगाकर रोड एक्सीडेंट को कम किया जा सकता है।

### रेवाडीह चौक, सर्विस रोड पर बनेगा ब्रेकर

बैठक में बताया गया कि शहर के हाइवे स्थित रेवाडीह चौक पर भारी वाहनों के आवागमन से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते रम्बलर ब्रेकर निर्माण कराया जाना अतिआवश्यक है। भदौरिया चौक के आगे डॉमिनस पिज्जा के पास सर्विस रोड मुख्य मार्ग से मिलती है एवं नेशनल हाईवे ढलान होने से वाहनों की गति अधिक होती, जिससे सड़क दुर्घटनाएं अधिक होती है। मुख्य मार्ग से जुड़ने से पहले सर्विस रोड में स्पीड ब्रेकर बनाया जाना आवश्यक है। आशा नगर मोड़, जीवन आवास कॉलोनी के पास ब्रेकर एवं रात्रि के समय हाई मास्क लाईट की आवश्यकता है। रामदरबार चौक से पहले नेशनल हाईवे ढलान होने से वाहनों की गति अधिक होती है, जहां गति नियंत्रण हेतु रम्बलर ब्रेकर को दुरूस्त किया जाना है।



### कई चौक पर लाइट व ब्रेकर होना जरूरी

चिचोला-छुरिया रोड पर लालूटोला चौक के पास हाई मास्क लाईट, ब्रेकर की आवश्यकता है। फरहद चौक में शहर से बाहर एवं डोंगरगांव की ओर से आने वाले वाहन तेजी से आते हैं, जहां फरहद चौक के पास स्पीड ब्रेकर, हाई मास्क लाईट एवं ट्रैफिक सिग्नल लगाना आवश्यक है। इसी तरह बालोद जाने वाले मार्ग हल्दी मोड़ नदी के पास अंधा मोड़ होने से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, जहां मोड़ के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर एवं हाई मास्क लाईट की आवश्यकता है। सुरगी चौकी क्षेत्र में कमरतरा मोड़ एवं सिंघोला चौक में स्पीड ब्रेकर बनाना और हल्दी-कुम्हालोरी मार्ग में पेड़ कटाई कराना आवश्यक है। इसी प्रकार डोंगरगांव जाने वाले राजकीय राजमार्ग में जंगलपुर अन्नपूर्णा राईस मिल के पास टू-लेन से सिंगल लेन होने एवं मार्ग संकरा होने से अधिक सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं।

इन सभी दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में रम्बलर ब्रेकर, हाई मास्क लाईट, रोड चौड़ीकरण हेतु संबंधित विभाग एनएचएआईए, पीडब्ल्यूडी एवं पेड़ों की कटाई हेतु वन विभाग को पत्राचार किया गया है। साथ ही यातायात पुलिस एवं सभी थाना प्रभारियों को तेज रफ्तार वाहन चालकों, बिना हेलमेट, ओवर स्पीड वाहन चालकों को शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं नाबालिग बच्चों के वाहन चलाने आदि मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

### टेड़ेसरा चौक पर लगेगी हाई मास्क लाइट

बैठक में कहा गया कि टेड़ेसरा चौक के पास हाई मास्क लाईट की सख्त आवश्यकता है। नेशनल हाईवे में संचालित होटल/बाबा संचालकों को ढाबा के सामने हाईवे में वाहन खड़ा नहीं करने पत्राचार किया गया है। चिचोला में नेशनल हाईवे में रात्रि के समय वाहन बिना इंडिकेटर जलाए वाहनों को खड़ा करते हैं, जिससे जिससे अधिक सडक दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। चिचोला में झूरानदी के पास अंधा मोड़ होने एक्सीडेंट अधिक होती है, जहां जिगजैग स्टॉपर, स्पीड ब्रेकर बनाकर एक्सीडेंट पर कमी लाई जा सकती है। नेशनल हाईवे में कोलिहापुरी के पास रोड में खड़े वाहनों को हटाया जाना आवश्यक है।

**पाठक सूचना**
भास्कर दूत
राजनांदगांव जिले में समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो अथवा भास्कर दूत की प्रतियों, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें-
75878-52022
87700-45100

**प्रिसिशन इंजी वर्क्स**
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

# अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर अवैध वसूलीः हटाए गए 2 उप निरीक्षक सहित सभी कर्मचारी

## कहीं दूसरे राज्यों से छत्तीसगढ़ में खपाया तो नहीं जा रहा धान!

भास्कर दूत

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में कृषि उपज मंडी के चेक पोस्ट पर ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। मंडी सचिव मालिक राम पोर्ते ने मंडी उप निरीक्षक शंकर दयाल पैकरा, उप निरीक्षक अनुप साय पैकरा और उनके निजी सहयोगी सलीम लकड़ा सहित धनवार चेक पोस्ट 'उपज जांच नाका' में कार्यरत सभी कर्मचारियों को हटा दिया है। इस आदेश की कॉपी छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंधक संचालक को भी भेजी गई है।



दरअसल, रविवार सुबह ही बलरामपुर जिले के धनवार चेक पोस्ट 'उपज जांच नाका' पर अवैध वसूली का मामला सामने आया था। उप निरीक्षक और उसके निजी सहयोगी चावल और धान से भरी गाड़ियों को पार करने के लिए ट्रक ड्राइवरों से वसूली कर रहे थे। खबर सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और अब मामले में कार्रवाई करते हुए मंडी सचिव ने उप निरीक्षक शंकर दयाल पैकरा और उप निरीक्षक अनुप साय पैकरा समेत सभी कर्मचारियों को हटा दिया है।

### वसूली के खेल में सिंडीकेट होने की चर्चा

दरअसल, छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू हो गई है। प्रदेश में ज्यादा कीमत होने की वजह से दूसरे राज्यों के व्यापारी छत्तीसगढ़ में धान खपाने की फिराक में है। राज्य शासन ने अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर निगरानी के निर्देश दिए हैं। बलरामपुर जिले के अंतर्राज्यीय धनवार चेक पोस्ट पर अवैध तरीके से दूसरे राज्यों से धान और चावल का परिवहन होने और कृषि उपज मंडी के चेक पोस्ट पर तैनात कर्मचारियों द्वारा पैसे लेकर ट्रकों को सीमा पार कराने का खुलासा हुआ था। वसूली के इस खेल में बड़े सिंडीकेट के काम करने की जमकर चर्चा भी हो रही है।

### चेक पोस्ट पर दैनिक कर्मचारियों की दादागिरी

सूत्रों के अनुसार कृषि उपज जांच चेक पोस्ट पर बाहरी वाहनों से दस्तावेज जांच के नाम पर वसूली का खेल कोई नया नहीं है। मंडी चेक पोस्टों में दैनिक कर्मचारियों को ज्यादा रखा जाता है ताकि विवाद होने की स्थिति में इन्हें हटाया जा सके और जिम्मेदार लोगों पर कोई आंच न आये। पूर्व में भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं। धनवार चेक पोस्ट से पहले भी अवैध वसूली और प्राइवेट कर्मचारियों की दादागिरी के कई वीडियो वायरल हो चुके हैं। कई शिकायतों के बाद कार्रवाई भी नहीं हुई है। ड्राइवरों का आरोप है, अधिकारियों की मिलीभगत से यह अवैध खेल लंबे समय से चल रहा है।

# सीएम के साथ लंच करेंगे | भाजपा नेता जयदीप गुप्ता ने बनाए 5 हजार सदस्य

## जयदीप गुप्ता को नवाजा जाएगा सदस्यता गौरव सम्मान से

भास्कर दूत

**दल्ली राजहरा।** लौहनगरी दल्ली राजहरा के राजनीतिक धरा पर जयदीप गुप्ता छात्र राजनीति से भाजपा युवा मोर्चा में अध्यक्ष तक का सफर करने के बाद लगातार भाजपा संग्ठन को मजबूत करने में सक्रिय रहे हैं। इस उपलब्धि पर जयदीप गुप्ता को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ लंच का सुअवसर मिलने वाला है। साथ ही उन्हें सदस्यता गौरव सम्मान से भी विभूषित किया जाएगा। खनिज नगरी में लंबे वक्त से भाजपा की रीतिनीति को आम जनमानस तक पहुंचने तथा भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपे जाने वाले समूचे दायित्वों का निर्वहन बखूबी से करने वाले



युवा भाजपा नेता जयदीप गुप्ता ने एक बड़ा रिकॉर्ड ब्रेक किया है। भाजपा सदस्यता अभियान में लगातार विभिन्न वर्गों के लोगों को भाजपा से जोड़ने के लिए पसीना बहाने वाले जयदीप गुप्ता ने सदस्य बनाने के 5000 के आंकड़े को पार कर लिया है। श्री गुप्ता ने पूरे बालोद जिले में सबसे अधिक सदस्यों को भाजपा से जोड़ने के मामले में का दूसरा स्थान अर्जित करने का कीर्तिमान हासिल किया है। वहीं उन्हें उनके साथियों, पार्टी के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ जनों से लगातार बधाइयां मिल रही हैं। साथ ही पार्टी के द्वारा सदस्यता अभियान में सर्वोच्च प्रदर्शन करने वालों की सूची में अपना नाम अंकित करते हुए उन्होंने भाजपा द्वारा घोषित सदस्यता गौरव सम्मान भी अपने नाम कर लिया है। इस पुरस्कार के साथ ही सर्वाधिक सदस्यों को जोड़ने वाले कार्यकर्ताओं को पार्टी द्वारा पुरस्कृत किए जाने की घोषणा अनुसार जयदीप गुप्ता को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन पर चर्चा करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

# बीच बाजार लड़खड़ाते गुरु जी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल, डीईओ ने किया निलंबित

भास्कर दूत

**मनेंद्रगढ़।** शिक्षक नशे की हालत में केल्हारी बाजार में लड़खड़ाते हुए सड़कों पर गिरे हुए दिखे। अत्यधिक नशे की वजह से वे बार-बार उठने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन असफल होकर जमीन पर ही लेट गए। वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग हरकत में आया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बीईओ ने शिक्षक को निलंबित करने की अनुशंसा की।



जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) अजय मिश्रा ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सहायक शिक्षक अरविंद कुमार एक्का को निलंबित कर दिया। उन्हें बीईओ कार्यालय भरतपुर में अटैच किया गया है इस घटना ने जिले की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकारी स्कूलों में बच्चों के भविष्य के लिए जिम्मेदार शिक्षकों का इस तरह का व्यवहार न केवल उनकी जिम्मेदारी पर सवाल उठाता है, बल्कि बच्चों की शिक्षा के स्तर को भी दर्शाता है।

# लापता बुजुर्ग की फंदे पर लटकी मिली लाश, हत्या या आत्महत्या पुलिस कर रही जांच

भास्कर दूत

बालोद। खरखरा जलाशय के पास जंगल में एक माह पूर्व लापता बुजुर्ग की लाश फंदे पर लटकी मिली. पुलिस हत्या या आत्महत्या जांच में जुटी।



डौंडीलोहारा थाना प्रभारी वीणा यादव ने बताया कि खरखरा जलाशय के नजदीक लगे जंगल में बुजुर्ग की लाश मिली है. बुजुर्ग की पहचान परस राम (60 वर्ष) गांव अहिराबरन नवागांव थाना सुरेगाँव के रूप में हुई है. परिजनों को पहचान के लिए बुलाया गया है.

थाना प्रभारी ने बताया कि हर एंगल से पुलिस द्वारा जाच की जा रही है हत्या या और कुछ सभी एंगल से जांच जारी है. बताया जा रहा है कि बुजुर्ग दिवाली के दिन से घर से बिना किसी को बताए घर से लापता हो गया था.

## सार समाचार

### मुख्यमंत्री की पहल पर बिलासपुर, जगदलपुर व अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 23 करोड़ 64 लाख रुपए की मंजूरी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए वित्त विभाग ने 23.64 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इससे एयरपोर्ट के इंफ्रास्ट्रक्चर और सुरक्षा से संबंधित कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इन कार्यों की स्वीकृति से राज्य के एयरपोर्टों का उन्नयन और विकास प्रभावी व सुव्यवस्थित तरीके से हो सकेगा। इससे विमानन सेवाएं बेहतर होंगी और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। वित्त विभाग ने बिलासपुर एयरपोर्ट में एप्रन विस्तार और लाइटिंग कार्य के लिए 2 करोड़ 96 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की है। एप्रन विस्तार कार्य के तहत एयरपोर्ट के उड़ान पट्टी के आसपास के क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा, जिससे विमानों की पार्किंग और संचालन में सहूलियत होगी। इसके साथ ही, एयरपोर्ट के लाइटिंग सिस्टम का उन्नयन किया जाएगा, ताकि रात के समय विमान संचालन को सुरक्षित एवं प्रभावी बनाया जा सके। जगदलपुर एयरपोर्ट के लिए एयरस्ट्रिप सुधार के लिए 20.40 करोड़ की राशि मंजूर की गई है। इससे एयरपोर्ट की सुरक्षा और संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। आइसोलेशन बे का निर्माण विमान को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित खड़ा रखने के लिए किया जाता है, जबकि सड़क का चौड़ीकरण यातायात में सुगमता लाएगा। वायर फेंसिंग से एयरपोर्ट के चारों ओर सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह अंबिकापुर एयरपोर्ट के विकास कार्यों के लिए 27.92 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि एयरपोर्ट के बुनियादी ढांचे और संचालन क्षमता में सुधार लाने के लिए उपयोग की जाएगी।

### तेज रफ्तार ट्रक ने मारी कार को टक्कर, 4 दोस्तों की मौत

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में तेज रफ्तार ट्रक ने ह॥-130 पर कार सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में 4 दोस्तों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर हालत में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के ढ्ढष्ट में भर्ती है। मामला उदयपुर थाना क्षेत्र के गुमगा का है। मिली जानकारी के मुताबिक सभी युवक रायपुर के रहने वाले थे। वह शनिवार शाम को घर से जगदलपुर घूमने जाना बताकर निकले थे, लेकिन अचानक मैनपाट जाने का प्लान बना लिए। अंबिकापुर पहुंचने से करीब 60 किलोमीटर पहले सुबह 5 बजे हादसे का शिकार हो गए। कार को कटर से काटकर शवों को बाहर निकाला गया।

मुख्यमंत्री की पहल

### लगातार जारी है स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने का प्रयास

**स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर व सरगुजा संभाग में कुल 83 चिकित्सा अधिकारियों के संविदा नियुक्ति आदेश जारी**

**रायपुर।** राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति प्रदान करते हुए पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं। प्रदेश के रायपुर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 31 चिकित्सा अधिकारियों, बिलासपुर संभाग में 22 चिकित्सा अधिकारियों, सरगुजा संभाग में 03 चिकित्सा अधिकारियों के साथ दुर्ग संभाग में 27चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा। रायपुर संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी(संविदा) के जारी आदेश में डॉ शुभम विश्वकर्मा, डॉ प्रिदम्बिनी नायक, डॉ तोयेष चंद्राकर, डॉ स्मृति इंगोले, डॉ साहिल कुमार, डॉ मिलनदीप कौर, डॉ देवांग शाह, डॉ नीलम जायसवाल, डॉ चंद्र शेखर जायसवाल, डॉ वाय. मुनमुन, डॉ यशवंत सोनी, डॉ दीक्षा थवाईत, डॉ ऋतम्भरा शर्मा, डॉ वैशाली चौरसिया, डॉ यूसुफ उस्मानी, डॉ एम शिवानी राव, डॉ निशा पैकरा, डॉ शिखा शुक्ला, डॉ सोनाली अवधिया, डॉ सुब्रनिल घोष, डॉ सचिन अग्रवाल, डॉ अम्मूनाथ अनमोल पांडेय, डॉ प्रशांत कुमार पांडेय, डॉ अदिबा खान, डॉ श्रेया मुखर्जी, डॉ एशिनी अग्रवाल, डॉ प्रीति खालखो, डॉ विकास सिंह, डॉ विपिन कुमार सिंह, डॉ संग्राम येरेवार, डॉ मयंक शर्मा व बिलासपुर संभाग हेतु डॉ सावी शुक्ला, डॉ सोनाली प्रकाश, डॉ धनंजय कुमार निर्मलकर, डॉ विवेक पटेल, डॉ कृष्ण कुमार कुम्भकार, डॉ अदिति सिंह, डॉ नीलमणी सिंह, डॉ जोन कुजूर, डॉ पूजा सिंह, डॉ निशि निर्मलकर, डॉ प्रफुल्लता कंवर, डॉ अमीशा टेकाम, डॉ राजेश्वर प्रसाद हेटली, डॉ अवधेश सिदार, डॉ प्रतीक साहू, डॉ प्रियंका गेन्ड्रे, डॉ मोहम्मद अरशद अंसार, डॉ सैयद ताजिश अली, डॉ अकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ योगिता पांडरे, डॉ भाविका टंडन के साथ सरगुजा संभाग हेतु डॉ भोजमनियां, डॉ प्रेमा कुजूर व डॉ अभिषेक नामदेव को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है ।

# नव विवाहित की संदिग्ध मौत : मायके वालों ने लगाया ससुराल वालों पर प्रताड़ना का आरोप

भास्कर दूत

**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ के बिलाईगढ़ में एक नव विवाहित महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई है। घटना की जानकारी के बाद मृतिका तुलसी बाई खुराना के माता-पिता अस्पताल पहुंचे। मृतिका के मायके वाले लोगों ने देर रात बड़ी संख्या में थाना पहुंचकर उनके ससुराल वालों पर प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया है। दरअसल यह पूरा मामला बिलाईगढ़ थाना अंतर्गत पंडरीपानी का है। बीते मार्च महीने में सरसीवा थाना अंतर्गत आने वाले पंडरीपाली निवासी कमल प्रसाद खुराना ने अपनी बेटी की शादी बिलाईगढ़ थाना अंतर्गत आने वाले पंडरीपानी निवासी रूपनारायण रात्रे से किया था। मृतिका के पिता कमल प्रसाद खुराना ने आरोप लगाते हुए बताया कि, उनकी बेटी की शादी आठ माह पहले हुई थी शादी के दो माह बाद से ही दामाद और परिवार वाले मिलकर बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे।

### दहेज़ की मांग का लगाया आरोप



मृतका के पिता ने आरोप लगाते हुए बताया कि, बेटी के ससुराल वाले 1 लाख नगद और मोटरसाइकिल दहेज में भी मांग रहे थे। इस बात की जानकारी उनकी बेटी ने उन्हें फोन करके दी थी। जिसके बाद बैठक भी हुआ था जिसमें उनके गांव के लोग भी शामिल हुए थे। मृतका के माता-पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि, उनकी बेटी की मौत आत्महत्या नहीं है। उन्हें अधिक मात्रा में बीपी की दवाई का सेवन कराया गया है। फिलहाल बिलाईगढ़ पुलिस ने मृतका के माता-पिता को पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

बिलाईगढ़ समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में शव का निरीक्षण नायब तहसीलदार देवराम सिदार और थाना प्रभारी प्रमोद यादव की उपस्थिति में किया गया। जिसके बाद पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं अंतिम संस्कार के समय मृतका के मायके के लोग नहीं पहुंच पाए उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि, उनके ससुराल वालों को फोन से सूचना दिया। हम लोग आ रहे हैं इसके बावजूद भी हमें अंतिम दर्शन नहीं करने दिया। शव को अंतिम संस्कार कर जला दिया गया। उन्हें अंतिम दर्शन तक नसीब नहीं हुआ।

रायपुर : संयुक्त आबकारी दल की ताबड़तोड़ कार्यवाही

# हरियाणा की शराब समेत 97.46 लीटर मदिरा जप्त

भास्कर दूत

सचिव सह आबकारी आयुक्त सुश्री आर शंगीता एवं कलेक्टर रायपुर श्री गौरव सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग जिला रायपुर द्वारा शनिवार को चार अलग-अलग प्रकरणों में हरियाणा प्रांत की मदिरा सहित कुल 97.46 लीटर शराब जप्त कर चार आरोपियों को जेल दाखिल किया गया । वी.आई.पी. रोड स्थित शगुन फार्म हाउस से आरोपी परमानंद विश्वकर्मा के आधिपत्य से कुल 55.28 लीटर विदेशी मदिरा जिसमें हरियाणा राज्य में विक्रय हेतु जैग़रमास्टर , ग्लैनलेविट, जॉनी वाकर गोल्ड लेबल, रोकु जीन, ग्रे



गूज वोडका, सिल्वर पैटरॉन टेकीला तथा छत्तीसगढ़ राज्य में विक्रय हेतु लेबल लगी वाइन जैकब क्रीक , सुला, बीयर कोरोना जैसी प्रीमियम ब्रांड की विदेशी मदिरा जप्त की गई । अवंती विहार निवासी राजकुमार निषाद उर्फ राजू कबाड़ी से 115 पाव मसाला एवं 35 पाव जम्मू व्हिस्की जप्त की गई । जोरापुरा निवासी काजल शर्मा से 50 पाव देसी मदिरा मसाला जप्त की गई । भटिया गांव थाना खरोरा निवासी जगमोहन भारद्वाज से 10 पाव शोले मसाला, 6 पाव बेस्ट्रो,5 बोतल हेवर्ड्स 5000 बियर जप्त कर प्रकरण कायम किया गया । उपरोक्त कार्यवाहियों में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेंद्र तिवारी, श्री आशीष सिंह, श्री वैभव मित्तल एवं आबकारी उपनिरीक्षकगण प्रकाश देशमुख एवं कमल कोड़ोपी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# लौहनगरी में 2 दिसंबर से न्यू डिजनीलैंड मीनाबाजार का शुभारंभ

**क्षेत्रवासी ब्रेकडान्स झूला,आकाश झूला,ड्रेगन झूला,टोरा टोरा,जहाज झूला,वाटर बोर्ड, मिनी ट्रेन,मिक्की माउस, जम्पिंग झूला का लुफ्त उठा सकेंगे।**

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा** - लौह नगरी दल्लीराजहरा, चिखलाकसा सहित आसपास के क्षेत्रवासियों के मनोरंजन के लिए 2 दिसम्बर से न्यू डिजनीलैंड मीनाबाजार का भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। मैनेजर अनीश कुमार सिन्हा ने बताया कि वार्ड क्रमांक 23 स्थित सर्कस मैदान में लगाया गया है,जिसका समय संध्या 5 बजे से रात्रि 10 बजे चालू रहेगा,आगन्तुकों के लिए केवल प्रवेश निः शुल्क रखा गया है। तथा मनोरंजन के लिए जितने भी झूला व स्टाल लगाए गए है उनमें शुल्क शामिल किया गया है न्यू डिजनी लैंड मीना बाजार में ब्रेकडान्स





झूला,आकाश झूला,ड्रेगन झूला,टोरा टोरा,जहाज झूला,वाटर बोर्ड, मिनी ट्रेन,मिक्की माउस, जम्पिंग झूला लगाए गए है इसके अलावा अनेको प्रकार के स्टाल भी शामिल है जिनमे चूड़ी ज्वेलरी,बच्चों के खिलौने,शूटिंग शट आऊट, गिलास गिराव व अन्य शामिल है उक्त मीना बाजार लगभग 1 माह तक संचालित किया जाएगा।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने ग्राम बिटाल को दिया 10 लाख की सौगात

## मुख्यमंत्री से मांग कर वर्षो से ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा कराया

भास्कर दूत

**दल्लीराजहरा** - ग्राम बिटाल के स्कूल के बाउंड्रीवाल के वर्षो पुराने मांग के लिए प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने प्रयास कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बात कर दस लाख स्वीकृति करा ग्राम वासियों को दी सौगात। भूमिपूजन कार्यक्रम में देवलाल ठाकुर के पहुँचने पर ग्राम में उत्सव जैसा माहौल व्याप्त हो गया ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी कर फूल माला पहना कर देवलाल व समस्त अतिथियों का स्वागत किया गया। दस लाख रूपये की लागत से बनने वाला बाउंड्रीवाल का भूमिपजन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व डौंडीलोहारा छाया विधायक



देवलाल ठाकुर के हाथों सम्पन्न हुवा। इस दौरान अतिथि के रूप में जनपद सदस्य संजय बैस ग्राम बिटाल की सरपंच पवन बाई भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल, मुश्ताक अहमद, रामेश्वर साहू, मेवा पटेल, संतोष जैन उपस्थित थे। अतिथियों के द्वारा सर्व प्रथम पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। अपने उदबोधन सरपंच पवन बाई ने कहा की आज हमारे ग्रामीन जन बहुत हर्षित है हमारे गांव बहुत पुरानी समस्या का आज समाधान हो रहा है हम और हमारे ग्रामवासी



स्कूल की बाउंड्रीवाल की मांग करते करते थक चुके थे। पर हमारी समस्या का समाधान भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर जी ने किया हम समस्त ग्राम वासी देवलाल ठाकुर का आभार व्यक्त करते है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कार्यक्रम के मुख्यातिथि देवलाल ठाकुर जी ने कहा की मैने केवल सार्थक प्रयास किया हैं। इस मांग को हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरा किया है। इसलिए हम सभी को इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार मानना चाहिए साथ ही मेरे लायक जो भी काम होगा। आप मुझे अवगत कराये मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि क्षेत्र की जनता के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर समाधान का हर संभव प्रयास करूंगा। और मुझे पूरा उम्मीद हैं। हमारे मुख्यमंत्री हमारे जनता की हर मांग को पूरा करने सहानुभूति पूर्वक विचार कर मांग को पूरा करेंगे। इस अवसर कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिनेश साहू जी एवम आभार उप सरपंच बलवंत साहू ने किया इस अवसर पर जनपद सदस्य ललिता पोरते प्रचार्य शिवलाल रावटे पूरन लाल करपाल सावित्री बाई पंच भागो बाई यादव समारु राम दान सिंह उपस्तिथ रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक- **दुष्यन्त दास** द्वारा 602, अशोका रत्न, ब्लॉक नं. 14, 6th फ्लोर शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एन्ड पब्लिशर्स, अनंत विहार कॉलोनी, दलदल सिवनी मार्ग , मोवा-रायपुर (छत्तीसगढ़) से मुद्रित । मो. 9406242401, (सभी विवादों का न्यायक्षेत्र रायपुर न्यायालय होगा)। Email- bhaskardootraipur1@gmail.com